www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 अभिव्यक्ति की आजादी पर दोहरा रवैया, विपक्षी दल को समझना होगा अभिव्यक्ति की आजादी का सही मतलब

युवती के साथ मकान में पकड़े गए कई युवक 04

वर्ष :08 अंक :336 मुंबई , बुधवार , 28 मई 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## खान सर ने गुपचुप रचाई शादी, बच्चों के सामने क्लास में किया कबूल

जाने-माने शिक्षक और भारतीय यूट्यूब व्यक्तित्व खान सर ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में एक निजी समारोह में शादी की है। एक वीडियो बयान में, उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष शुरू होने से पहले ही शादी की तारीख तय हो चुकी थी। खान सर ने कहा कि बढ़ते तनाव को देखते हुए, उन्होंने किसी को भी आमंत्रित नहीं करने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें लगा कि देश की जरूरतें व्यक्तिगत समारोहों से पहले आती हैं।सूत्रों के अनुसार, खान सर के छोटे भाई विशेष रूप से उनकी शादी के लिए उत्सुक थे और उन्होंने अपनी माँ के मार्गदर्शन में शादी की व्यवस्था की। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी माँ की इच्छा को अस्वीकार नहीं कर सकते थे, और उनके परिवार ने इस निर्णय का पूरा समर्थन किया। उन्होंने बताया कि रिसेप्शन 2 जून को पटना में आयोजित किया जाएगा।

## केरल में भारी बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित, कई जिलों में रेड अलर्ट जारी

केरल में पहले से ही भारी बारिश हो रही है, ऐसे में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने केरल के कई जिलों के लिए लाल, नारंगी और पीले अलर्ट जारी किए हैं, जिसमें भारी से लेकर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। केरल में लगातार हो रही बारिश के कारण मंगलवार को जनजीवन प्रभावित रहा। राज्य में कई जगहों पर ट्रेनें देरी से चल रही हैं, निचले इलाकों में जलजमाव हो गया है और कस्बों एवं गांवों में यातायात बाधित हो रहा है। उत्तरी जिलों में पेड़ों के रेलवे लाइन पर गिरने के कारण कल रात से ही स्थिति चिंताजनक है। अधिकारियों ने बताया कि कोझिकोड-आरीकोड मार्ग पर एक विशाल पेड़ उखड़ने की वजह से टूटा बिजली का तार रेलवे लाइन पर गिर गया। अधिकारियों को रेलवे लाइन से तार को हटाने और मार्ग पर ट्रेन का सामान्य यातायात बहाल करने में कुछ घंटे लगे। रेलवे सूत्रों के अनुसार तिरुवनंतपुरम जाने वाली वंदे भारत और परशुराम एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। नदियों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और वायनाड जिले के उत्तरी हिस्से में निचले इलाकों में स्थित कई मकानों में पानी भर गया है। वायनाड में पिछले कई दिन से भारी बारिश हो रही है। जलमग्न हुए कई इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए नौका का इस्तेमाल करते देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि सैकड़ों लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है और इनमें दूरदराज के आदिवासी इलाकों में रहने वाले लोग भी शामिल हैं।

# अगर पटेल की बात मान ली गई होती तो पूरा कश्मीर हमारा होता: पीएम मोदी


**पीएम मोदी ने कहा है कि सरदार पटेल चाहते थे कि सेना तब तक न रुके जब तक हम पीओके वापस न ले लें.**

**विकास परियोजनाओं का उद्घाटन**

मोदी ने कहा कि मैं दो दिन से गुजरात में हूं। कल वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और आज गांधीनगर में हूं। मैं जहां-जहां गया वहां गर्जना करता सिंदूरिया सागर और लहराता तिरंगा जन-जन के हृदय में मातृभूमि के प्रति अपार प्रेम और देशभक्ति का ज्वार देखने को मिल रहा है। ये दृश्य सिर्फ गुजरात में नहीं है, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है, हर हिंदुस्तानी के दिल में है।

एजेंसी

अहमदाबादः गुजरात के गांधीनगर में पीएम मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में हुए देश के बंटवारे ने भारत को तीन भागों में बांट दिया. प्रधानमंत्री ने भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 के विभाजन को भी याद किया और कहा कि पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल चाहते थे कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर कब्जा करे. उन्होंने कहा, सरदार पटेल चाहते थे कि सेना तब तक न रुके जब तक हम पीओके वापस न ले लें. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने



गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि मैं दो दिन से गुजरात में हूं। कल वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और आज गांधीनगर में हूं। मैं जहां-जहां गया वहां गर्जना करता सिंदूरिया सागर और लहराता तिरंगा जन-जन के हृदय में मातृभूमि के प्रति अपार प्रेम और देशभक्ति का ज्वार देखने को मिल रहा है। ये दृश्य सिर्फ गुजरात में नहीं है, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है, हर हिंदुस्तानी के दिल में है। आतंकवाद के खिलाफ बोलते हुए मोदी ने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है तो पूरा शरीर परेशान रहता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने आज गांधीनगर में रोड शो कर लोगों का अभिवादन किया

वडोदराः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है. उन्होंने गांधीनगर में रोड शो निकाला जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए. इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया. पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में मां भारती का बंटवारा हुआ. कटनी चाहिए थी जंजीरें पर काट गई भुजाएं. देश तीन टुकड़े कर दिए गए. उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर की धरती पर हुआ. मां भारती का एक हिस्सा पाकिस्तानियों ने मुजाहिद्दीन के नाम पर आतंकियों का इस्तेमाल कर कब्जा कर लिया. अगर उस दिन उन मुजाहिद्दीन को मौत के घाट उतार दिया गया होता तो ये नौबत नहीं आती. सरदार पटेल की इच्छा थी कि जब तक पीओके हमें नहीं मिल जाता, तब तक हमारी सेना रुके नहीं. लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी और अब हम पिछले 75 सालों से आतंकवाद का सामना कर रहे हैं. पहलगाम भी इसका एक उदाहरण था. जब पाकिस्तान से हमारी जंग हुई तो हमने पाकिस्तान को तीन बार हराया. पीएम मोदी ने आगे कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों ना हो लेकिन अगर एक कांटा चुभता है तो पूरा शरीर परेशान रहता है.



# प्रेम चोपड़ा-परेश रावल जैसे डायलॉग मार रहे मोदी : कांग्रेस

**गंभीर सवालों पर चुप्पी साधे, देश की विदेश नीति सरकार के ट्रोल्स तय कर रहे**

> खेड़ा ने कहा कि जब संकट का दौर आता है तो अपने-परायों की, निडर और कायरों की पहचान हो जाती है। जब 22 अप्रैल को देश पर संकट का समय आया तो कांग्रेस पार्टी के साथ सभी ने प्रधानमंत्री मोदी से यह मांग की, कि आप आतंकवाद का जवाब दीजिए, हम आपके साथ हैं।

एजेंसी

नई दिल्ली , कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को न पकड़ पाने के लिए सरकार पर निशाना साधा। सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि देश को अब तक कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिले, जिनमें से एक है कि पाकिस्तान के साथ किन शर्तों पर सीजफायर समझौता हुआ।पीएम मोदी कभी प्रेम चोपड़ा की तरह तो कभी परेश रावल की तरह डायलॉग मार रहे हैं। कभी कहते हैं कि सिंदूर मेरी रगों में बहता है। गोलियां खाओ, रोटियां खाओ जैसे डायलॉग बोल रहे हैं। क्या यही एक गंभीर नेता का व्यवहार होता है ?इतना



### मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से फेल

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार की विध्वंसकारी विदेश नीति के कारण हम अलग-थलग हो गए हैं। हमारी विदेश नीति का नतीजा ये है कि नेपाल-भूटान भी हमारे साथ नहीं खड़े हुए। जबकि संघर्ष के दौरान चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया।

ही नहीं, मोदी सरकार की विदेश नीति का नतीजा ये है कि कुवैत ने पाकिस्तान पर से वीजा पाबंदियां हटा दी हैं। कुवैत, पाकिस्तान से लेबर ट्रीटी साइन करने वाला है। उधर, वअए ने पाकिस्तान को 5 साल की वीजा अनुमति दे दी है। ईरान ने कल खुलकर कहा कि पाकिस्तान आतंक को शरण देता है। जबकि मोदी सरकार के ट्रोल्स ईरान के बारे में भद्दी टिप्पणियां करते हैं। देश की विदेश नीति सरकार के ट्रोल्स तय कर रहे हैं पवन खेड़ा ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि केंद्र की विदेश नीति ट्रोल्स तय कर रहे हैं। वे कभी इस्लामाबाद तो कभी कराची में हमला और कब्जा करवा देते हैं। मोदी सरकार को ट्रोल्स चला रहे हैं। वही इंस्पायर कर रहे हैं और वही ऑपरेट कर रहे हैं। इसका रिजल्ट सबके सामने हैं।

# पंजाब के मजीठा बाईपास पर बम धमाका

**मारा गया संदिग्ध आतंकी...शरीर के उड़े चिथड़े**

**डीआईजी सतिंदर सिंह ने धमाके को लेकर किया बड़ा खुलासा**

डीआईजी ने बताया कि, मृतक को उस जगह की तस्वीर भेजी गई थी, जहां से उसे बम जैसी वस्तु उठानी थी. जब वह बताए गए स्थान पर पहुंचा और संदिग्ध वस्तु उठाने की कोशिश की तो उसमें भयंकर विस्फोट हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई

एजेंसी



अमृतसरः पंजाब में अमृतसर के मजीठा रोड बाईपास पर हुए बम धमाके में एक संदिग्ध आतंकी की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक,मारा गया शख्स किसी आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ था. बम धमाके में उसके शरीर के चिथड़े उड़ गए.गंभीर रूप से घायल संदिग्ध आतंकी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. इसकी पुष्टि डीजीआई सतिंदर सिंह ने की है. धमाके की आवाज सुनने वालों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यहां बम फटा है. डीआईजी सतिंदर सिंह ने मारा गया शख्स खुद एक आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ था.

डीआईजी ने कहा कि, मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है. हालांकि, मृतक की पतलून की जेब से कुछ बेहद अहम चीजें मिली हैं, जो उसे आतंकी गतिविधियों से जोड़ती हैं. फोरेंसिक और तकनीकी टीमें मौके पर पहुंच गई हैं.डीआईजी के मुताबिक, धमाके की जांच की जा रही है कि यह ग्रेनेड धमाका था या आईईडी धमाका था. डीआईजी ने बताया कि, एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक आज सुबह अचानक जोरदार धमाका हुआ.

# हरियाणा में एक परिवार के 7 लोगों ने सुसाइड किया

**धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के बाद जहर खाया; ममेरा भाई बोला- 20 करोड़ कर्ज था**

**प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को दी जानकारी**

घर के बाहर खड़ी थी गाड़ी: सेक्टर 27 में मकान नंबर 1204 में रहने वाले हर्ष ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे हमारे मकान मालिक घर के बाहर घूम रहे थे। उन्होंने देखा कि बाहर हुंडई की ऑरा गाड़ी खड़ी है। पास जाकर देखा तो उसमें कई लोग थे। उन्होंने हमें बुलाया।

एजेंसी

चंडीगढ़/पंचकूला , हरियाणा के पंचकूला में सोमवार देर रात कर्ज से परेशान परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। सभी लोग घर के बाहर खड़ी गाड़ी में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति जिंदा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।परिवार पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में किराए के मकान में रह रहा था। मरने वालों में प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी रीना, मां विमला, पिता देशराज, जुड़वां बेटी हिमशिखा, दलिशा (11) और बेटा हार्दिक (14) है। प्रवीण मित्तल ने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार शुरू किया था। वहां उसे घाटा हो गया।सभी सोमवार को बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री की कथा में गए थे। वहां से लौटते हुए इन्होंने ये कदम उठाया। गाड़ी से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें लिखा है, मैं बैंकरप्ट हो चुका हूं।₹ सुसाइड नोट में जिन लोगों का जिक्र है, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।प्रवीण का परिवार मूल रूप से हिसार के बरवाला का रहने वाला था। उसके



ममेरे भाई संदीप ने कहा कि प्रवीण पर 20 करोड़ का कर्ज था। उसे जान से मारने की धमकियां मिल रहीं थी। इससे पहले उसकी हिसार में स्क्रैप फैक्ट्री भी कर्ज न चुकाने पर बैंक ने जब्त कर ली थी।

# तेज प्रताप विवाद के बीच लालू परिवार में आई खुशी

**तेजस्वी यादव और राजश्री को हुआ बेटा**

इससे कुछ दिन पहले ही यादव परिवार सुर्खियों में आया था, जब लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। लालू यादव ने अपने बेटे के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का हवाला देते हुए उसके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए।

एजेंसी

बिहार राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्होंने खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ! हमारे छोटे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत आभारी, धन्य और प्रसन्न हूं। जय हनुमान! 2021 में शादी करने



वाले तेजस्वी और राजश्री ने 2023 में नवरात्रि के दौरान अपने पहले बच्चे कात्यायनी का स्वागत किया था।इससे कुछ दिन पहले ही यादव परिवार सुर्खियों में आया था, जब लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था।

# शांति तभी सुरक्षित रहती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं...

**ऑपरेशन सिंदूर पर उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान**

> जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है।

एजेंसी

आज उपराष्ट्रपति के एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। और यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। और इसलिए, हाल की घटनाओं को देखते हुए, हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की तरह, राजनीतिक जनजातियों का भी राष्ट्रीय हित के प्रति नैतिक कर्तव्य है।



# सांबा सेक्टर में एक पोस्ट का 'सिंदूर' रखा जाएगा नाम

**ऑपरेशन की सफलता के बाद बीएसएफ का प्रस्ताव**

सांबा सेक्टर में एक पोस्ट का नाम सिंदूर रखने और दो अन्य का नाम रखने का प्रस्ताव रखा है। इस मुद्दे पर बोलते हुए बीएसएफ के आईजी जम्मू फ्रंटियर शशांक आनंद ने कहा कि सीमा पार से की गई गोलाबारी से लड़ते हुए भारतीय सेना के एक नायक समेत तीन जवान शहीद हो गए।

एजेंसी



ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 10 मई को पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के दौरान शहीद हुए जवानों के नाम पर सांबा सेक्टर में एक पोस्ट का नाम सिंदूर रखने और दो अन्य का नाम रखने का प्रस्ताव रखा है। इस मुद्दे पर बोलते हुए बीएसएफ के आईजी जम्मू फ्रंटियर शशांक आनंद ने कहा कि सीमा पार से की गई गोलाबारी से लड़ते हुए भारतीय सेना के एक नायक समेत तीन जवान शहीद हो गए।उन्होंने कहा कि 10 मई की सुबह पाकिस्तान ने हमारी चौकियों को निशाना बनाने के लिए कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन भेजे। बीएसएफ इन ड्रोनों से सक्रिय रूप से निपट रहा था। कांस्टेबल दीपक कुमार और भारतीय सेना के नायक सुनील कुमार एक ड्रोन का मुकाबला करने की कोशिश कर रहे थे; ड्रोन ने एक पेलोड गिरा दिया।

**चेताया** निशिकांत दुबे ने पाक को चेताया

# पाकिस्तान के आतंकवाद को कुचलकर खत्म कर देंगे...

एजेंसी

नयी दिल्ली। आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को उजागर करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के कारण भारत को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन अगर पाकिस्तान का आतंकवाद जारी रहा तो उसे 'कुचल' दिया जाएगा और उसी के अनुसार समाप्त कर दिया जाएगा। दुबे भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख पेश करने के लिए इस समय कुवैत में हैं। दुबे ने आगे दावा किया कि अगर इस तरह का आतंकवाद जारी रहा तो भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले



कश्मीर और करतारपुर साहिब को वापस ले लेगा। दुबे ने एएनआई से कहा कि जैसे अशोक ने किया... जब वह कटक से अटक और कंधार गए और हर जगह जीत हासिल की, जब वह चक्रवर्ती सम्राट बन गए और मौर्य साम्राज्य मजबूत हुआ, तो उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। हम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि हैं, हम पाकिस्तान के आतंकवाद को कुचल देंगे और इसे खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेंगे, हम करतारपुर साहिब को लेंगे, हम इसे टुकड़ों में बांट देंगे। हम युद्ध नहीं करते, हम कभी भी हमलावर नहीं होंगे, लेकिन अगर वे हमारे निर्दोष लोगों पर हमला करते हैं या उन्हें मारते हैं, तो हम उन्हें

> दुबे ने आगे दावा किया कि अगर इस तरह का आतंकवाद जारी रहा तो भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और करतारपुर साहिब को वापस ले लेगा। दुबे ने एएनआई से कहा कि जैसे अशोक ने किया... जब वह कटक से अटक और कंधार गए और हर जगह जीत हासिल की, जब वह चक्रवर्ती सम्राट बन गए और मौर्य साम्राज्य मजबूत हुआ, तो उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया।

खत्म कर देंगे, आतंकवाद को खत्म कर देंगे और बुद्ध बन जाएंगे। भाजपा सांसद ने दावा किया कि भारत पाकिस्तान के साथ व्यापार करना चाहता है, लेकिन पड़ोसी देश ने आतंकवादी गतिविधियों के साथ जवाब दिया है। उन्होंने कहा, हम वर्षों से आतंकवाद से पीड़ित हैं। हमारी सारी अच्छाइयों के बावजूद, जब भी हम पाकिस्तान के साथ कोई समझौता करने जाते हैं, जब भी हम कुछ अच्छा करना चाहते हैं, जब भी हम व्यापार करना चाहते हैं, तो वे आतंकवादी गतिविधियाँ करते हैं और हमारे निर्दोष और निहत्थे लोगों को मारते हैं। इस बार, उन्होंने पहलगाम में हिंदुओं को मार डाला... इसलिए, हमने कहा कि कुत्ते की दुम है, कभी सीधी नहीं होगी उसकी पूंछ। इससे पहले आज प्रतिनिधिमंडल ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट रुख और देश के संदेश को दुनिया के साथ स्पष्ट रूप से साझा करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# भोलानाथ भी आपका इंतजार कर रहे...फारूक अब्दुल्ला की पर्यटकों से अपील, कृपया वापस आएं



एजेंसी

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर में पर्यटक को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला का बड़ा बयान सामने आया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इस साल हमें उम्मीद थी कि करोड़ों लोग आएंगे और हमारे पास उन्हें ठहराने के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से, निर्दोष लोगों को मारने वालों ने यह नहीं देखा कि टैक्सी ड्राइवरों, होटल मालिकों, टट्टू मालिकों के साथ क्या होगा। उन्होंने कहा कि हम भगवान द्वारा दी गई सुंदरता को बेचते हैं और जीविकोपार्जन करते हैं। जो कुछ हुआ उससे हम बहुत दुखी हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जो कुछ हुआ उसका हमें अफसोस है। उन्होंने लोगों से कहा कि कृपया वापस आएँ, हम आपका (पर्यटकों का) इंतजार कर रहे हैं। भोलानाथ भी आपका इंतजार कर रहे हैं क्योंकि अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है और प्रशासन अब सुरक्षित एवं दुर्घटना मुक्त अमरनाथ यात्रा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है। गर्मी के मौसम में हमारे यहां मुश्किल से ही कोई पर्यटक आता है।


> फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जो कुछ हुआ उसका हमें अफसोस है। उन्होंने लोगों से कहा कि कृपया वापस आएँ, हम आपका (पर्यटकों का) इंतजार कर रहे हैं। भोलानाथ भी आपका इंतजार कर रहे हैं क्योंकि अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है।

## सम्पादकीय

### बांग्लादेश को मोहरा बना सकता है पाकिस्तान, आईएसआई रच सकती है भारत विरोधी षड्यंत्र

2016 में ढाका के एक कैफे में आतंकियों ने लोगों को उनका मजहब पूछकर मारा था। मारे जाने वालों में एक भारतीय लड़की समेत अधिकतर विदेशी थे। पिछले कुछ समय से तुर्किये के एक एनजीओ समर्थित इस्लामिक कट्टरपंथी ग्रेटर बांग्लादेश का प्रचार कर रहे हैं जिसके नक्शे में बंगाल ओडिशा आदि दर्शाए गए हैं ।जब से शेख हसीना बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से हटाई गई हैं, तब से बांग्लादेश की आंतरिक परिस्थितियां विषम ही बनी हुई हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार न तो राजनीतिक स्थिरता बहाल कर पाई है और न ही हिंदू एवं अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाई है। विदेश नीति के मोर्चे पर यूनुस और उनकी टीम सत्ता में बने रहने के लिए बांग्लादेश को चीनी और अमेरिकी हितों के बीच बड़े भू-राजनीतिक टकराव का मंच बनाने में लगी है।जब यूनुस सत्तासीन हुए तब यही आम धारणा बनी थी कि अमेरिका की शह पर ऐसा संभव हुआ। यूनुस उस समय अमेरिका की डेमोक्रेट सरकार के चहेते समझे जाते थे और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नेटवर्क में अपनी पैठ के बल पर उन्होंने जो बाइडन की डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध चुनाव में वित्तीय सहायता भी की थी।इसे लेकर ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से नाराजगी भी जताई थी। जब ट्रंप सत्ता में लौटे तो यूनुस ने खुद को उपेक्षित महसूस किया। भारत से वह पहले ही तनातनी बढ़ा चुके थे।हालात भांपकर अपनी सत्ता कायम रखने के लिए यूनुस ने चीन का सहारा लिया और बांग्लादेश के इतिहास में वह पहले राष्ट्र प्रमुख बने, जिसने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को न चुनकर चीन को चुना। चीन दौरे पर यूनुस ने वह सब कहा, जिससे चीन खुश हो और भारत असुरक्षित महसूस करे।उन्होंने इशारों में यहां तक कहा कि बांग्लादेश इस स्थिति में है कि पूर्वोत्तर भारत का संपर्क शेष भारत से काट सकता है और इस क्षेत्र में वह समुद्र का अकेला पहरेदार है। उनका इशारा संवेदनशील चिकन नेक या सिलिगुड़ी कारिडोर को लेकर था। यह पट्टी पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ती है। इस कारिडोर के उत्तर में चीन ने बड़े पैमाने पर सैन्य तैनाती कर रखी है। यूनुस चीन को यह संदेश देकर भी आए कि भारत-चीन सैन्य टकराव की स्थिति में बांग्लादेश उसकी सहायता करने को तैयार है।इसके बाद खबरें आईं कि बांग्लादेश और चीन सिलिगुड़ी कारिडोर के सौ किमी दक्षिण में स्थित एक सामरिक वायुसैनिक अड्डे का जीर्णोद्धार करने जा रहे हैं।इस पर भारतीय सेना ने बांग्लादेश को कड़ा संदेश देने के लिए सिलिगुड़ी कारिडोर के पास तीस्ता प्रहार नाम से एक बड़ा सैन्य अभ्यास किया। चीन के प्रति झुकाव दिखाने के पीछे यूनुस का एक उद्देश्य यह भी था कि अमेरिका उनकी सुध ले।कुछ समय बाद ऐसा हुआ भी।

## आज का विचार







**मेष राशिः** दिन उत्साह से भरा रहेगा. तरक्की के कई नए रास्ते नजर आयेंगे. आप पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में सफल होंगे. शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगे. कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है.

**वृष राशि :** आपके भाग्य के सितारे बुलंद रहेंगे. अगर आप किसी महत्वपूर्ण काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह काम कल पूरा हो जाएगा. जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्लान बनायेंगे. इससे आपके रिश्ते मधुर बनेंगे. इस राशि के वकीलों के लिए कल का दिन फेवरेबल रहेगा.

**मिथुन राशि :** दिन लाभदायक रहेगा. पहले किए गए किसी काम की मेहनत का बेहतर परिणाम हासिल होगा. ऑफिस का खुशनुमा वातावरण आपके मन को उत्साह से भर देगा. आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे. जीवनसाथी के साथ लंबी बातचीत होगी. इससे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी. कुछ नए दोस्त बनने की संभावना भी है.

**कर्क राशिः** व्यस्तता से भरा रहेगा. किसी काम से थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है. नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी. आप कोई नया कोर्स ज्वॉइन करने के बारे में सोच सकते हैं. अपने स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए. किसी को उधार पैसा देने से आपकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है. आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए.

**सिंह राशिः** दिन अच्छा रहेगा. घर पर अचानक से कोई मेहमान आ सकता है. आप कोई सामान कहीं रखकर भूल सकते हैं. आपको अपने इम्पोर्टेन्ट समान का ध्यान रखना चाहिए. आपको अचानक से जरूरत पड़ सकती है.

**कन्या राशिः** दिन लाभदायक रहेगा. इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ होगा. आप बच्चों के साथ खुशी के पल बितायेंगे. इस राशि के सिविल इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए कल का दिन फेवरेबल है. उन्हें किसी बड़ी कंपनी से जॉब के लिए कॉल या ईमेल आ सकती है.

**तुला राशिः** दिन शानदार रहेगा. किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा में बदलाव ला सकती है. इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को थोड़ी मेहनत करने की जरूरत है. आपका कोई काम बनते-बनते रुक सकता है

**वृश्चिक राशिः** दिन सामान्य रहेगा. ऑफिस के किसी काम से आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है. कुछ लोग आपकी मदद करने के लिए तैयार रहेंगे. इस राशि के वेब डिजायनर्स के लिए कल का दिन फायदेमंद रहेगा.

**धनु राशिः** परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा. अपने काम के लिए दूसरों को सहमत कराने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे. कुछ जरूरी निर्णय आपको फायदा दिलाएंगे. इस राशि के कारोबारियों को किसी व्यक्ति से जरूरी मुलाकात करनी पड़ सकती है.

**मकर राशि :** दिन शानदार रहेगा. दोस्तों के साथ समय बिताने से रिश्ते बेहतर होंगे. आप कुछ ऐसे मामलों में पड़ सकते हैं, जिनका समाधान निकालने में आपको थोड़ी परेशानी आ सकती है. पारिवारिक कामों को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा.

**कुंभ राशि :** आपकी ऊर्जा का स्तर बेहतर रहेगा. जीवनसाथी को कोई सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बनेगा. किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से आपको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा. माता-पिता के साथ शॉपिंग करने जायेंगे. आपको किसी चीज पर छूट मिल सकती है. किसी करीबी से कल आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी.

**मीन राशिः** कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी. धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुलेंगे. किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपको फायदा होगा. आपको अपने भविष्य के बारे में थोड़ा विचार करने की जरूरत है. इससे आपकी बहुत-सी उलझनें दूर होंगी.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अभिव्यक्ति की आजादी पर दोहरा रवैया, विपक्षी दल को समझना होगा अभिव्यक्ति की आजादी का सही मतलब

> लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। अगर सत्तापक्ष इसकी अवहेलना करता है तो विपक्षी दलों को उसका विरोध करना ही चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो सकता कि विपक्ष में रहते वक्त वे बोलने की आजादी की दुहाई देते हुए सत्ता तंत्र पर सवाल उठाते रहें और जब खुद सत्ता में हों तो इसे भूल जाएं।

पा केरल सरकार का एक प्रस्तावित विधेयक इन दिनों सवालों के घेरे में है। विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक को लेकर आशंका जताई जा रही है कि यह शिक्षकों को सरकार की नीतियों और कानूनों की आलोचना से रोकेगा। अमूमन पूरे देश में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को कानूनों और नीतियों की आलोचना का अधिकार मिला है। उन पर आम सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की तरह सेवा नियमावली नहीं लागू होती। इस प्रस्तावित विधेयक की आलोचना इसलिए ज्यादा हो रही है, क्योंकि यह उस विचारधारा की सरकार लेकर आ रही है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देती है। केरल में सीपीएम की अगुआई वाले वामपंथी गठबंधन की सरकार है। मोदी सरकार की आलोचना के लिए भाजपा विरोधी दल जिस औजार का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, उनमें अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल अहम है। इस हिसाब से अभिव्यक्ति को लेकर गैर-भाजपा शासित राज्यों में वैसे आरोप सामने नहीं आने चाहिए, जैसे वे भाजपा शासित राज्यों पर लगाते रहते हैं, लेकिन हकीकत कुछ अलग ही है। अशोक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी का अनेक विपक्षी दलों ने विरोध किया, लेकिन यदि गैर-भाजपा शासित राज्यों की पड़ताल करें तो अभिव्यक्ति को प्रतिबंधित करने,



मीडिया पर पाबंदी लगाने की कोशिशें उनके यहां भी खूब हो रही हैं। ऐसे मामलों की अंतहीन सूची तैयार हो सकती है। सत्ता का एक चरित्र होता है। वह अक्सर लोगों की आवाज दबाने की कोशिश करती है। दिलचस्प यह है कि विपक्ष में रहते वक्त सत्ताधारी दल की ऐसी कोशिशों का विरोध करने वाले भी सत्ता मिलते ही अपने क्षेत्र में लोगों की आवाज को सीमित करने की कोशिश करने में पीछे नहीं रहते। राहुल गांधी मोदी सरकार की आलोचना करते हुए मोहब्बत की दुकान की चर्चा जरूर करते हैं, लेकिन उनकी ही पार्टी की राज्य सरकारें छोटी सी आलोचना को बर्दाश्त नहीं कर पातीं। पिछले साल कर्नाटक में रिपब्लिक टीवी के कन्नड़ चैनल पर एक खबर प्रसारित हुई थी, जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के काफिले के लिए बेंगलुरु के एमजी रोड पर ट्रैफिक रोका गया, जबकि उस दिन सिद्दरमैया मैसूर में थे। हालांकि बाद में चैनल ने इसे अपनी गलती मानते हुए सफाई की खबर प्रसारित की, लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार ने चैनल और उसके प्रमुख पर फर्जी खबर चलाने का मामला दर्ज कर दिया। कर्नाटक हाई कोर्ट ने हाल में इस मामले को दुर्भावनापूर्ण माना। उसने कर्नाटक पुलिस से सवाल पूछा कि इस खबर में जब चैनल के प्रमुख की कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर उनके खिलाफ मामला क्यों दर्ज किया गया? तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार पर भी अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने के आरोप हैं। गत दिनों तेलंगाना पुलिस ने पल्स न्यूज की प्रबंध निदेशक और उसकी एक रिपोर्टर को मुख्यमंत्री के खिलाफ फर्जी खबर इंटरनेट मीडिया पर साझा करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया, जबकि हकीकत में उन्होंने एक बुजुर्ग व्यक्ति का वीडियो साझा किया था, जिसमें वह रेवंत रेड्डी सरकार से नाखुशी जाहिर कर रहा है।

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने भी बीते साल एक पत्रकार के खिलाफ अपनी आलोचना करने के लिए मामला दर्ज किया था। भारतीय राजनीति में अरविंद केजरीवाल का उभार लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती के साथ ही संस्थानिक सोच को बढ़ावा देने के दावे के साथ हुआ था, लेकिन सत्ता में केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी जैसे-जैसे ताकतवर होती गई, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसके लिए भी जुमला होती चली गई। बीते साल पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पत्रकार आरती टिक्कू और रोहन दुआ को गिरफ्तार करने की कोशिश की। उन्होंने राज्य के एक पुलिस अधिकारी के सेक्स स्कैंडल को उजागर किया था। पंजाब सरकार ने शीशमहल वाली खबर ब्रेक करने वाली पत्रकार को भी गिरफ्तारी करने की कोशिश की थी। ममता बनर्जी सरकार को भी आलोचना पसंद नहीं। कुछ वर्ष पहले उनकी सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रो. अंबिकेश महापात्रा को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार कर लिया था, क्योंकि उन्होंने ममता पर केंद्रित एक कार्टून फारवर्ड किया था। इसी आरोप में रिटायर इंजीनियर सुब्रत सेनगुप्ता भी गिरफ्तार किए गए थे। अंबिकेश को अंततः अदालत से राहत मिली। 2020 में एक बड़े बांग्ला अखबार के संपादक ने इस्तीफा दिया तो उसे भी ममता बनर्जी से जोड़कर देखा गया, क्योंकि कुछ दिन पहले ही उन्होंने उनकी आलोचना की थी। बंगाल सरकार की आलोचना के चलते एक न्यूज पोर्टल माध्यम पर भी कार्रवाई की गई। केरल में गत वर्ष मकतूब मीडिया के एक पत्रकार को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि उसने एक रिपोर्ट में केरल सरकार की कुछ नीतिगत आलोचना की थी। हाल में राज्य के मीडिया पोर्टल मरूदानम मलयाली के संपादक को रातोंरात गिरफ्तार कर लिया गया। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। अगर सत्तापक्ष इसकी अवहेलना करता है तो विपक्षी दलों को उसका विरोध करना ही चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता कि विपक्ष में रहते वक्त वे बोलने की आजादी की दुहाई देते हुए सत्ता तंत्र पर सवाल उठाते रहें और जब खुद सत्ता में हों तो इसे भूल जाएं।

# ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती,इससे नदियां अनियंत्रित

**संजीव ठाकुर**



हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है ।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की है। शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है ।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष जीवन काल से काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे।

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए ।महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है, जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे ।विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# अंतरराष्ट्रीय राजनेताओं के प्रेम प्रसंगों की चर्चित कहानियां

**(सुभाष आनंद)**

राजनेताओं के प्रेम प्रसंग प्रायः समाचार पत्रों की सुर्खियां बनते रहते हैं और काफी चर्चा में रहते हैं। उन्मुक्त जीवन एवं विवाह से पूर्व शारीरिक संबंधों को मान्यता देने वाली अमेरिकन सभा में भी जब उनके राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के अपनी सचिव मोनिका लेविंस्की से प्रेम प्रसंग उजागर हुए तो उस समय काफी बवाल मचा था। इटली, फ्रांस व इंग्लैंड जैसे देशों में ऐसे संबंधों को लेकर अनेक नेताओं को पद से त्यागपत्र देना पड़ा था ।

अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन 1993 से 2001 तक सत्ता में रहे तो उनके कई सेक्स किस्से मशहूर हुए। 1998 में व्हाइट हाउस में कार्यरत मोनिका लेविंस्की से उनके गहरे रिश्तों के चलते क्लिंटन को शर्मसार होना पड़ा था। इस कारण इनके विरुद्ध अभियान भी चलाया गया था, इसके चलते बिल क्लिंटन की कुर्सी भी खतरे में पड़ गई थी ।बाद में एक रिपोर्ट यह भी सामने आई है कि अपने कार्यकाल के दौरान क्लिंटन एक वर्ष तक एक्ट्रेस एलिजाबेथ हर्ले के साथ नाजायज संबंध में भी थे लेकिन हर्ले ने इसे एक अफवाह की संज्ञा दी और कहा यह कोरा झूठ है। पूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति बराक ओबामा और पॉप गायिका बेयास के बीच रोमांस के किस्से भी सुनने को मिले जिसके कारण ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल के रिश्तों में दरार आ गई थी। बराक ओबामा को अपनी पत्नी से माफी भी मांगनी पड़ी थी। पहले भी विश्व के कई राजनेताओं के ऐसे किस्से सामने आ चुके हैं।

### नेहरू-एडविना

ऐसा माना जाता है कि नेहरू और एडविना (अंतिम वायसराय माउंटबेटन की पत्नी) के बीच भी मधुर संबंध थे। 1948 में एडविना के ब्रिटेन जाने के पश्चात भी नेहरू के प्रेमपत्र एडविना तक पहुंचते रहे। एडविना की बेटी पापेला ने स्वयं माना है कि नेहरू और एडविना के बीच अद्भुत दोस्ती थी। यह दोस्ती आध्यात्मिक संबंधों तक सीमित थी लेकिन उन्होंने शारीरिक संबंधों से साफ इनकार किया।

एडविना एक अद्भुत प्रभावशाली महिला थी, उनके द्वारा लिए गए निर्णय माउंटबेटन को लागू करने पड़े। एडविना नेहरू जी से बहुत प्रभावित थी। उन दोनों के बीच पत्राचार का सिलसिला कई वर्षों तक चलता रहा।

### इमरान-बेनजीर का इश्क

पाकिस्तान के दो प्रधानमंत्री रहे बेनजीर भुट्टो और इमरान खान के बीच जवानी में इश्क के चर्चे जोरों पर थे। एक समय था जब इंग्लैंड में दोनों पढ़ाई करते हुए सहपाठी थे। उस समय में दोनों टीन एजर्स थे। यहां तक बेनजीर भुट्टो के पिता जुल्फिकार अली भुट्टो ने भी उन दोनों की शादी तय करने की कोशिश की थी, किंतु इमरान खान प्ले ब्वाय थे,उस समय उसके कई लड़कियों के साथ इश्क के चर्चे चल रहे थे। सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड की सड़कों पर उन्हें हाथों में हाथ डालकर घूमते देखा गया परंतु आखिर बेनजीर भुट्टो की शादी आसिफ अली जरदारी के साथ हुई।

### ब्लादिमीर पुतिन

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 2013 में 30 वर्ष पुराने विवाहित संबंधों को समाप्त करके अपनी नई सहेली रूस की सफल जिमनास्टिक एलिना कलास्वा से प्रेम संबंध बनाने शुरू कर दिए। रूस यूक्रेन युद्ध के बीच ब्लादिमीर पुतिन के हौसले डगमागाने के बाद वे रशियन एक्ट्रेस माइना क्रॉसबेन से प्यार की पींगे बढ़ाने लगे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार पुतिन के गुप्त ठिकानों में कुछ महिलाओं का महत्व बढ़ता जा रहा है। पुतिन की अपनी गुप्तचर एजेंसी में महिलाओं की भर्ती को प्राथमिकता दी जा रही है।

# मुंबई में भारी बारिश का कहर! विक्रोली में पेड़ गिरने से युवक की मौत, दो की हालत नाजुक

**मुंबई के विक्रोली में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। गणेश मैदान क्षेत्र में दोस्तों के साथ घूम रहे 25 वर्षीय एक युवक पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना मुंबई में चल रही भारी बारिश के दौरान घटी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई के विक्रोली में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। गणेश मैदान क्षेत्र में दोस्तों के साथ घूम रहे 25 साल के एक युवक पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना मुंबई में चल रही भारी बारिश के दौरान घटी। इस साल मानसून ने शहर में समय से पहले दस्तक दे दी है और कई स्थानों पर प्रतिकूल घटनाएं घटित हुई हैं।

## कब की है घटना?



रिपोर्ट के अनुसार, रविवार से शुरू हुई लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण गणेश मैदान क्षेत्र में पेड़ कमजोर हो गए थे और आज गिर गए। उस समय 25 वर्षीय तेजस सड़क पर खड़ा होकर तूफान को देख रहा था। तभी पेड़ उसके ऊपर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और पास के गोदरेज अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

## सोमवार से भारी बारिश

दरअसल सोमवार को शहर में भारी बारिश हुई। इसमें एक जगह दीवार गिर गई, एक पेड़ भी गिर गया और भूस्खलन भी हुआ। सुबह 9:51 बजे, माहिम में पीताम्बर लेन पर स्थित हाजी कसम चॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित सीढ़ियां और दीवार ढह गई, जिससे अग्निशमन कर्मियों की मदद से दो वरिष्ठ निवासियों की जान बच गई।

## मालाबार हिल में भी हाल डरावना

ऊंची इमारतों के निर्माण और पेड़ों की कटाई के कारण मालाबार हिल में भारी बारिश से डर का माहौल था। मुंबई में अधिकारियों ने मकान और दीवारें गिरने की नौ घटनाओं की सूचना दी है। दुर्भाग्यवश एक 24 वर्षीय व्यक्ति को पेड़ की टहनी गिरने से घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ऐसा माना जाता है कि कई बार शॉर्ट सर्किट भी हुआ।

# ओवैसी ने पाक सेना चीफ असीम मुनीर की खोली पोल, शिवसेना नेता संजय निरुपम ने की तगड़ी तारीफ

**महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने चीफ असदुद्दीन ओवैसी की तगड़ी प्रशंसा की है। निरुपम ने ओवैसी को भारत की राजनीति का ताजा हवा का झोंका करार दिया है। ओवैसी ने इन दिनों सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में पाकिस्तान की पोल खोलकर नींद उड़ा रहे हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी सुर्खियों में बने हुए हैं। ओवैसी पहले ऐसे मुस्लिम नेता थे जिन्होंने पहलगाम अटैक को इंसानियत पर हमला करार देते हुए आतंकियों की तुलना कुत्तों से की थी। ओवैसी ने इसके बाद पाकिस्तान को उसकी औकात भी दिखाई थी और कहा था कि पाकिस्तान आधा घंटे नहीं बल्कि आधी सदी पीछे हैं। अब सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल ओवैसी जिस तरह से विदेशी सरजमीं पर पाकिस्तान की पोल खोल रहे हैं। उसने उनके धुर विरोधियों को मुरीद बना दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना नेता संजय निरुपम ने ओवैसी की तगड़ी तारीफ की है। ओवैसी दूसरे सांसदों के साथ विदेशी सरजमीं पर ऑपरेशन सिंदूर को बारे में दुनिया को बता रहे हैं।अभी ज्यादा कुछ नहीं किया, वहां पसीना छूट रहा है, सिंधु जल समझौते पर ढट मोदी का पाकिस्तान का गला सुखाने वाला बयाननिरुपम हो गए ओवैसी के मुरीदसंजय निरुपम ने लिखा है कि के प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है

# फास्ट ट्रैक

## रेल कलबुरगि-कोल्हापुर एक्सप्रेस में 3 अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच जोड़ेगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेल ने यात्रियों की मांग को देखते हुए कलबुरगि-कोल्हापुर एक्सप्रेस में 3 अतिरिक्त कोच जोड़ने का फैसला किया है, जैसा कि नीचे दिया गया है:

ट्रेन संख्या 22155/22156 कलबुरगि-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस में 3 अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच

कलबुरगि से 10.06.2025 से

श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर से 10.06.2025 से

ट्रेन संख्या 22155/22156 के लिए संशोधित संरचना: 2 एसी-ककक टियर, 3 स्लीपर क्लास, 10 सेकंड सिटिंग, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन। (20 कोच) यात्रियों से अनुरोध है कि वे परिवर्तनों पर ध्यान दें और सुविधा का लाभ उठाएं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' एक फेलियर...उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने अमित शाह से मांगा इस्तीफा

**महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी के नेता और राज्यसभा के सांसद संजय राउत ने एक बार फिर से ऑपरेशन सिंदूर को निशाने पर लेते गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगा है। शाह के महाराष्ट्र दौरे के दूसरे दिन राउत ने मुंबई में ऑपरेशन सिंदूर को फेलियर बताया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संजय राउत ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक फेल्योर ऑपरेशन है मगर राष्ट्रहित में विपक्ष वाले इस पर ज्यादा बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने पहलगाम हमले में 26 टूरिस्टों की मौत के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांगा। संजय राउत ने तंज कसते हुए कहा कि अपराधी अभी भी फरार हैं। उद्धव ठाकरे के करीबी नेताओं में शामिल राउत पहले भी गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साध चुके हैं।क्यों पड़ी ऑपरेशन की जरूरत राउत ने कहा कि मुंबई में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सबसे पहले तो एक असफल ऑपरेशन है. लेकिन राष्ट्रहित में विपक्ष इसका और अधिक राजनीतिकरण नहीं करना चाहता है। असली सवाल यह है कि ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत क्यों पड़ी। राउत ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने हमारी माता और बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया था। इसके जिम्मेदार गृहमंत्री अमित शाह हैं। राउत ने कहा कि मैं बार बार कहता हूं कि अब इसका प्राश्चित करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।बाल ठाकरे लगा लेते गले इससे पहले महाराष्ट्र के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अगर आज बालासाहेब ठाकरे जीवित होते तो वह ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी को गले लगा लेते। उन्होंने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को निशाने पर लेते हुए कहा था कि आज बाल ठाकरे होते वह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए ऐसा करते। गृह मंत्री अमित शाह ने नांदेड़ में आयोजित शंखनाद रैली में कहा था कि पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों की पोल खोलने के लिए भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों को उद्धव ठाकरे की पार्टी बारात कहती है। जबकि उनके अपने सदस्य इनमें शामिल हैं। शाह ने नांदेड़ में कहा था कि हमारे देश की मां बहनों का सिंदूर सस्ता नहीं है। अगर कोई इसके सम्मान को ठेस पहुंचाएगा तो उसका इसका जवाब खून से दिया जाएगा।



# 'पाकिस्तान जिंदाबाद' पोस्ट शेयर करने वाली पुणे की लड़की को कोर्ट ने दी राहत, जेल प्रशासन को फौरन रिहाई के आदेश

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने वाली पोस्ट शेयर करने के आरोप में 19 वर्षीय छात्रा खतीजा शेख को गिरफ्तार किया गया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए प्रशासन को उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा अदालत ने कॉलेज की ओर से उसे निष्कासित करने के फैसले पर भी नाराजगी व्यक्त की है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाला एक विवादास्पद पोस्ट साझा करने के आरोप में एक 19 साल की छात्रा को गिरफ्तार किया गया। इनका नाम खतीजा शहाबुद्दीन शेख है। वह यरवदा जेल में है। मुंबई हाईकोर्ट ने जेल प्रशासन को इस युवती को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही उन्हें बाकी विषयों की परीक्षा में भी बैठने की अनुमति दे दी गई है। अदालत ने विश्वविद्यालय को उन विषयों के लिए अनुरोध करने की भी अनुमति दे दी है जिनकी परीक्षा पहले छूट गई थी।

## कॉलेज की कार्रवाई पर भी कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई

कुछ दिन पहले एक 19 वर्षीय युवती को सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे कॉलेज से भी निकाल दिया गया। युवती की ओर से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद अदालत ने आज उसे राहत देते हुए रिहा करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने मामला दर्ज होने और उसे गिरफ्तार करने के बाद कॉलेज से निष्कासित करने की कॉलेज की कार्रवाई पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही कोर्ट ने छात्रा से यह आश्वासन मांगा है कि वह दोबारा सोशल मीडिया पर गैरजिम्मेदाराना तरीके से अपनी बात नहीं रखेगी और अन्य लोगों की गैरजिम्मेदाराना पोस्ट को शेयर नहीं करेगी।

## कोर्ट ने क्या कहा?


जस्टिस गौरी गोडसे और जस्टिस सोमशेखर सुंदरसन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि यह पूर्णतया शर्मनाक है कि सरकार ने छात्रा के साथ कट्टर अपराधी जैसा व्यवहार किया है। अदालत ने यह भी कहा कि छात्रा को गिरफ्तार ही नहीं किया जाना चाहिए था, क्योंकि उसने तुरंत पोस्ट डिलीट कर दिया था, पश्चाताप भी किया था और माफी भी मांगी थी। बेंच ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिसमें लड़की को अब हिरासत में रहना पड़े और उसे (छात्रा को) मंगलवार को ही रिहा किया जाना चाहिए।

# यह बदला हुआ भारत है, माताओं-बहनों की मांग का सिंदूर मिटाने वालों को घुसकर जवाब देता, मुंबई में गरजे अमित शाह

**मुंबई के माधवबाग स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ महोत्सव में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह बदला हुआ भारत है, जो हमारी माताओं–बहनों की मांग का सिंदूर मिटने वालों को उनके घर में घुसकर जवाब देता है। आज पूरी दुनिया को 'सिंदूर' शब्द का अर्थ और उसका महत्व समझ में आया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः माधवबाग स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ महोत्सव में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह बदला हुआ भारत है, जो हमारी माताओं-बहनों की मांग का सिंदूर मिटने वालों को उनके घर में घुसकर जवाब देता है। आज पूरी दुनिया को 'सिंदूर' शब्द का अर्थ और उसका महत्व समझ में आया है। ऑपरेशन सिंदूर के कारण हमारी माताओं-बहनों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। गृह मंत्री शाह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कई वर्षों से लंबित ऐतिहासिक निर्णय इस कालखंड में लिए गए। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और मुझे पूरा विश्वास है कि 2047 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।मंगलवार को बीजेपी नेता और गृह मंत्री शाह गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को भारतीय होने पर गर्व महसूस कराया है और विदेशों में भारतीय पासपोर्ट का महत्व बढ़ाया है। शाह ने कहा कि यह दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का ही नतीजा है कि मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ गलियारे का निर्माण हुआ। उन्होंने मुंबई के मध्य



में स्थित माधवबाग लक्ष्मीनारायण मंदिर के संचालन में न्यासियों के प्रयासों की सराहना की।

## माधवबाग परिवार को बधाई दी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि संस्था में समाज सेवा की भावना है, जिसने इसे सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया है। केंद्रीय मंत्री शाह ने 150 वर्षों से समाजसेवा में निरंतर कार्य कर रहे माधवबाग परिवार को बधाई दी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जब यह संस्था 200 वर्ष पूरे करे, तब यहां मातृभाषा का प्रशिक्षण केंद्र हो, गीता, उपनिषद और वेदों की शिक्षा मिले और स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध हों।

## कार्यक्रम में किसने–किसने की शिरकत?

कार्यक्रम में अमित शाह के अलावा मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक मंगल प्रभात लोढा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पश्चिम रेलवे के 10 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में 10 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, जिनके योगदान से सुरक्षित ट्रेन परिचालन संभव हुआ। इन कर्मचारियों को अप्रैल 2025 माह के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता और अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनके योगदान से सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित हो सका। इन 10 कर्मचारियों में से मुंबई सेंट्रल, अहमदाबाद, भावनगर और रतलाम मंडल प्रत्येक से दो कर्मचारी, जबकि वडोदरा एवं राजकोट मंडल प्रत्येक से एक कर्मचारी शामिल हैं।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महाप्रबंधक श्री मिश्र ने पुरस्कार पाने वाले कर्मचारियों की सतर्कता की सराहना की और कहा कि वे सभी के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रेल और ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, ब्रेक बाइंडिंग या ट्रेन में लटकती वस्तुओं का पता लगाना, अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाना, जनरेटर कार में पाए गए धुएं को बुझाना आदि में योगदान देकर ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने में बहुत उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई। पश्चिम रेलवे को इन सभी कर्मचारियों पर गर्व है जिन्होंने अपनी त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोकने में मदद की।



# मुझे फडणवीस ने बनाया मंत्री...महाराष्ट्र में कौन सा सियासी गेम खेल रहे हैं छगन भुजबल? नए बयान से अजित पवार नाखुश

**महाराष्ट्र की महायुति सरकार में एनसीपी नेता छगन भुजबल की सरप्राइज एंट्री को अजित पवार के साथ उनकी नाराजगी का दएंड माना गया था लेकिन भुजबल मंत्री बनाए जाने का श्रेय सीएम फडणवीस को दे रहे हैं। इससे डिप्टी सीएम अजित पवार अब नाराज बताए जा रहे हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में महायुति सरकार में मंत्री बनने के बाद छगन भुजबल ने ऐसा बयान दिया है जिसने एक बार फिर अजित पवार को नाराज कर दिया है। भुजबल खुलेआम कह रहे हैं कि उन्हें मंत्री सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बनाया है। भुजबल को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का मंत्री बनाए जाने से अजीत की एनसीपी के पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे नाराज हैं तो अब भुजबल के ताजा बयान ने एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। सूत्रों की मानें तो अजित पवार और उनकी पार्टी भुजबल के रवैए से नाराज है। जब नागपुर में हुए विस्तार में उन्हें जगह नहीं मिली थी तब उन्होंने अजित पवार को निशाने पर लिया था और नाराज को नासिक चले गए थे, हालांकि छाती पर पत्थर रखकर वह एनसीपी में बने रहे थे।फडणवीस की तारीफ, अजित पवार निशानाअब छगन भुजबल ने अपने फिर से मंत्री बनने का श्रेय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पहली बार नासिक पहुंचने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीएम फडणवीस का आभार माना था। उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर अपनी पार्टी के मुखिया अजीत पवार पर निशाना साधते हुए कहा था कि सरकार गठन के समय सीएम फडणवीस ने मुझे मंत्री बनाने की सलाह दी थी, लेकिन दुर्भाग्य से तब उनकी सलाह सुनी नहीं गई। मुझे मंत्री नहीं बनाए जाने पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आश्चर्य व्यक्त किया था। भुजबल ने अमित शाह के नासिक दौरे का जिक्र करते हुए कहा था कि उन्होंने मुझे अपने पास बैठाया था। भुजबल की इन बातों से डिप्टी सीएम अजीत पवार नाराज है।भुजबल का हुआ था विरोधमहायुति सरकार की कैबिनेट में छगन भुजबल की एंट्री से नाराज डिप्टी सीएम अजीत पवार ने मंगलवार को विदर्भ के नागपुर और अमरावती विभाग में अपने नेताओं की मुंबई में अर्जेंट मीटिंग बुलाई थी। इस बारे में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने सभी को सूचित किया था। लेकिन मुंबई में भारी बारिश को देखते हुए यह मीटिंग कैंसिल कर दी गई है। इस बात की जानकारी पार्टी प्रवक्ता आनंद परांजपे ने दी है। छगन भुजबल जिस तरह से खुलेआम कह रहे हैं कि उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाने का फैसला सीएम देवेंद्र फडणवीस का है।

# बारिश ने खोली पोल! मुंबई के जिस मेट्रो स्टेशन का दो सप्ताह पहले हुआ था उद्घाटन, मॉनसून आते ही हुआ पानी-पानी

**मुंबई मेट्रो 3 कॉरिडोर के आचार्य आत्रे चौक स्टेशन पर अधूरा निर्माण होने के कारण बारिश का पानी भर गया, जिससे स्टेशन को बंद करना पड़ा। सुरक्षा दीवार ढहने से पानी स्टेशन में घुसा, जिससे मेट्रो प्रशासन के दावों की पोल खुल गई। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मेट्रो 3 कॉरिडोर के आचार्य आत्रे चौक मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य 100% पूरा हुए बगैर स्टेशन को आम यात्रियों के लिए खोल दिया गया था। अधूरा काम होने की वजह से सोमवार को कुछ ही घंटे की बारिश में स्टेशन में पानी भर गया। स्टेशन में पानी भरने के कारण यात्रियों के लिए इसे बंद कर दिया गया। इस घटना से मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के सभी दावे की पोल खुल गई है। पानी भरने के कारण सोमवार को आरे से वर्ली स्टेशन के बीच ही मेट्रो का परिचालन हुआ।

## सुरक्षा दीवार के ढहने से पानी स्टेशन तक पहुंचा

मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अनुसार, स्टेशन परिसर के करीब बन रही सुरक्षा दीवार के ढहने से पानी स्टेशन तक पहुंचा। स्टेशन का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जिस गेट से पानी स्टेशन परिसर में घुसा है, उस गेट का इस्तेमाल यात्रियों के आने-जाने के लिए नहीं होता है। बचा हुआ काम पूरा होने में तीन महीने का और समय लगने वाला है। दीवार का निर्माण 10 जून तक पूरा होना था। लेकिन समय से पहले मॉनसून के मुंबई में पहुंचने से मेट्रो प्रशासन की योजना पर पानी फिर गया। बता दें कि कोलाबा से आरे के बीच मेट्रो 3 कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। पिछले साल आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू की गई थी। दो सप्ताह पहले ही मेट्रो सेवा का विस्तार बीकेसी से आचार्य आत्रे चौक तक किया गया था।

## कार्रवाई की मांग

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली दोषी अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग की है। गलगली के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान मूसलधार बारिश जैसी स्थितियों का समुचित आकलन नहीं किया गया, जिसके चलते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। बारिश का पानी सीधे स्टेशन में घुस जाना यह दशार्ता है कि जलरोधी उपाय पूरी तरह से विफल रहे। उद्घाटन के कुछ ही दिन के भीतर सेवा के ठप हो जाना रखरखाव और योजना निर्माण में गंभीर खामियों की ओर इशारा करता है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) "ए" वार्ड |
| विषय | 'ए' वॉर्ड में दुर्गम समुद्र तट से उपयुक्त मशीनरी का उपयोग कर तौलने के आधार पर कचरा हटाने का कार्य. |
| बोली आरंभ तिथि और समय | 27/05/2025 को सुबह 11.00 |
| बजे बोली समाप्ति तिथि और समय | 02/06/2025 को सायं. 4.00 बजे वेबसाइट |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी नाम और नंबर | अरुण एस वैद्य, ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) ए वार्ड<br>कार्यालय फोन: 22661353 मोबाइल नं.: 982073910 |
| ईमेल | seswm01.a@mcgm.gov.in |

हस्ता./- 27.05.25
सहायक आयुक्त "ए" वॉर्ड.

पीआरओ/519/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.



## मध्य रेल

**शुद्धिपत्र संख्या 1**

**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-टेली-2025-04 निविदा सूचना नं. सीआर- बीबी- टेली-2025-04** के लिये शुद्धिपत्र संख्या 1 जारी किया गया है।

1. **निविदा समापन तिथि समय 12/06/2025 15:00 बजे तक बढ़ाया गया है**
2. **निविदा दस्तावेज अपलोड किया गया है।**

अन्य सभी विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

**यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है**

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।

कृते म.रे. प्र. (सं. एवं दू.सं.)

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

Sai/114



## पश्चिम मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना संख्या भो–(नि.) ।।–बीना–कटनी–03–2025 दिनांक 23.05.2025**

उप मुख्य अभियंता–।।/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा (एकल निविदा पद्धति) आमंत्रित करते है। निविदा – 01, कार्य का नाम लाकेशन सहित– बीना–कटनी तीसरी लाईन के संबंध में मकरोनिया से सुमरेरी तक दो वॉल, स्टोन पिचिंग, ट्रॉली रिफ्यूज, उच्च बैंक पर साइड ड्रेन/सेंट्रल ड्रेन सुरक्षा कार्य, पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करने का शेष कार्य और अन्य विवध कार्यों का करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य(कीमत लाखों में)**– 260.00 लाख, **बयाना राशि रूपये**–2,80,000.00, **निविदा खुलने की तिथि**– 16.06.2025, **कार्य समापन अवधि (माह)**– 06 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित, ई निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाईट IREPS(www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता /निर्माण /पश्चिम मध्य रेल /हबीबगंज/भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई–निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाईट को निविदा खुलने की तिथी तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता–।।/निर्माण
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी का कमर्शियल टेलीपोर्ट हब बहुत जल्द करेगा सैटेलाइट सर्विस प्रोवाइड

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , आर्या डिजिटल ओटीटी के बाद आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी का कमर्शियल टेलीपोर्ट हब को जोर - शोर के साथ तैयार किया जा रहा हैं जो बहुत जल्द सैटेलाइट सर्विस प्रोवाइड करेगा। जिसको लेकर आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दुर्गेश आर सिंह राजपूत ने सोशल मीडिया में पोस्ट भी साझा किया हैं। उन्होंने बताया कि लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं जबकि,कमर्शियल टेलीपोर्ट हब के लिए निर्माण कार्य भी लगभग समाप्ति पर हैं।अनुमानित 70 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका हैं।आगामी कुछ माह में सैटेलाइट सर्विस शुरू होने की संभावना हैं।बता दें कि कई वर्षों से दुर्गेश आर सिंह राजपूत इसको लेकर प्रयासरत हैं।यह उनके जीवन के संघर्ष और मेहनत का नतीजा हैं जो सफल होने जा रहा हैं। आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी एंटरटेनमेंट उद्योग में बेहतर कर रहीं हैं।आर्य डिजिटल ओटीटी में लगभग 1200 से भी अधिक कंटेंट हैं और 50 हजार से अधिक डाउनलोड्स भी है।कंपनी के कई यूट्यूब चैनल्स हैं,जिनमें मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं। लेकिन,सैटेलाइट सर्विस में कदम इनकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि में से एक होगी।यह कमर्शियल टेलीपोर्ट हब उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बनाया जा रहा हैं जो जल्दी ही सबको अपनी सेवा प्रदान करेगा।

# कैंसर वैन में गैर-संचारी रोगों के तहत स्क्रीनिंग से 627 नागरिकों को मिला लाभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग जांच कार्यक्रम के तहत, नवी मुंबई मनपा के अस्पतालों और नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों में 30 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और महिलाओं की जांच की जाती है और उनका पंजीकरण पोर्टल पर किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच और परीक्षण किए जा रहे हैं। इसके अलावा, संदिग्ध मरीजों को नेरुल के सार्वजनिक अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग जांच कार्यक्रम के तहत, सरकार द्वारा 21 से 24 मई, 2025 तक नवी मुंबई मनपा को एक कैंसर वैन भेजी गई थी। इस वैन में मौखिक कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच और परीक्षण किए गए थे। इस अभियान की योजना नवी मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में बनाई गई थी। इसके तहत चार नागरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्रों में मरीजों की स्क्रीनिंग की गई।

वैद्यकीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जावड़े के मार्गदर्शन में आयोजित इस जांच से 627 नागरिकों को लाभ मिला। इनमें से 491 नागरिकों ने मौखिक कैंसर की जांच कराई, 289 नागरिकों ने स्तन कैंसर की जांच कराई, तथा 777 महिलाओं ने गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच कराई।

21 मई 2025 को राजमाता जिजाऊ अस्पताल, ऐरोली में 91 लाभार्थियों ने इस स्क्रीनिंग का लाभ उठाया, जिनमें से 78 की ओरल कैंसर, 58 की ब्रेस्ट कैंसर और 45 की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। इस जांच के दौरान डॉ. अशफाक सिद्दीकी, मेडिकल ऑफिसर डॉ रवींद्र म्हात्रे और डॉ. सचिन चिटनीस मौजूद रहे।

इसी तरह 22 मई 2025 को पवने के श्रमिक नगर में 185 लाभार्थियों ने स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। इनमें से 185 मरीजों की मौखिक कैंसर, 92 की स्तन कैंसर और 40 की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए जांच की गई। इस जांच के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशफाक सिद्दीकी और डॉ. वंदना नारायण मौजूद थे।

23 मई 2025 को गावदेवी मैदान, जुहूगांव में 155 लाभार्थियों ने इस जांच का लाभ उठाया। इनमें से 155 मरीजों की मौखिक कैंसर, 56 की स्तन कैंसर और 36 की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए जांच की गई। इस जांच के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशफाक सिद्दीकी और विद्या वर्मा मौजूद रहे। 24 मई 2025 को 196 लाभार्थियों ने मासाहेब मीनाताई ठाकरे अस्पताल, नेरुल में जांच का लाभ उठाया। इनमें से 113 नागरिकों की मौखिक कैंसर, 83 की स्तन कैंसर और 56 की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए जांच की गई। इस जांच के लिए वैद्यकीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जावड़े और डॉ. अशफाक सिद्दीकी, डॉ. उद्धव खिलारे और डॉ. सुरेश पाटिल, वैद्यकीय अधिकारी उपस्थित थे। नवी मुंबई नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में 30 वर्ष से अधिक आयु के 627 पुरुष और महिला लाभार्थियों ने राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र सरकार द्वारा भेजे गए एक विशेष कैंसर वैन में स्क्रीनिंग और परीक्षण की सुविधा का लाभ उठाया।

फास्ट ट्रैक

# पत्नी ने इंस्टाग्राम पर अजनबी से की चैट

## केदारनाथ यात्रा पर पति ने मना किया तो वापस आई, रुपए और जेवरात लेकर मायके गई

शाहजहांपुर, पति-पत्नी के बीच इंस्टाग्राम चैटिंग को लेकर विवाद हुआ है। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदजई के राजू वर्मा की शादी पिछले साल सीतापुर की युवती से हुई थी। राजू 24 मई को केदारनाथ यात्रा पर गए थे। उनके मोबाइल में पत्नी की इंस्टाग्राम आईडी खुली थी। यात्रा के दौरान उन्होंने देखा कि पत्नी एक अजनबी युवक से चैट कर रही है। पति ने जब इस बारे में पूछा तो पत्नी ने गाली-गलौज की। पत्नी घर से चली गई। सास उसे समझाकर वापस ले आईं। रात में पत्नी ने अपने पिता और भाइयों को बुला लिया। वह घर में रखे 3 लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवर लेकर मायके चली गई। पति को जैसे ही यह पता चला, वह केदारनाथ यात्रा छोड़कर लौट आए। पुलिस से भी कर दी शिकायत पति का कहना है कि पत्नी पहले भी हमेशा मोबाइल में व्यस्त रहती थी। पूछने पर वह मां से बात करने का बहाना बनाती थी। अब पत्नी ने पुलिस में शिकायत की है। उसने पति पर मारपीट और 2 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पति का दावा है कि उनके पास पत्नी और अजनबी की चैटिंग के सबूत हैं। चौक कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने कहा कि मामले की जांच होगी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




# मेडिकल कॉलेज गैस रिसाव का खुलासा

## फार्मेलिन नहीं, जहरीली क्लोरिन थी, सिलेंडर काटते समय हुआ रिसाव; एफआईआर के आदेश

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में रविवार रात हुए गैस रिसाव कांड का सच अब सामने आ चुका है। शुरूआत में कॉलेज प्रशासन ने इसे फार्मेलिन गैस का मामूली रिसाव बताया था, लेकिन जिला प्रशासन की जांच में बड़ा खुलासा हुआ। दरअसल, रिसाव फार्मेलिन का नहीं, बल्कि जहरीली क्लोरिन गैस का था, जो कबाड़ में नीलाम एक पुराने सिलेंडर को काटते वक्त लीक हुई थी। मेडिकल कॉलेज चौक कोतवाली से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित है। गैस रिसाव की रात में ही एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रॉमा सेंटर के पीछे एक कटा हुआ सिलेंडर मिला, जिसे 16 मई को बरेली के एक ठेकेदार ने नीलामी में खरीदा था। उसी सिलेंडर को काटते समय क्लोरिन गैस लीक हुई और पूरा परिसर गैस की चपेट में आ गया। घटना के समय कॉलेज में लगभग 390 मरीज भर्ती थे। अचानक गैस रिसाव से नाक, आंख और मुंह में जलन महसूस होने लगी। गंभीर मरीज खुद बाहर निकल आए या तीमारदार उन्हें लेकर भाग निकले। भगदड़ की स्थिति बन गई। मरीजों में इतना खौफ भर गया कि वह चप्पल तक छोड़ कर वहां से भाग निकले। कुछ मरीज तो इस कदर डर गए थे कि वह वापस इलाज के लिए आए ही नहीं। वहीं कुछ गंभीर मरीजों को ऑपरेशन टालने के कारण और भी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गनीमत यह रही कि गैस रिसाव जिस हिस्से में हुआ वह बच्चों के वार्ड से काफी दूर था। इसलिए बच्चों तक इसका असर नहीं पहुंच सका।




# बगैर निर्माण सड़क के लिए 8 करोड़ के बिल का भुगतान, ठाणे मनपा में स्मार्ट भ्रष्टाचार : डॉ जितेंद्र आव्हाड

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , सेंट्रल मैदान क्षेत्र में एक मॉडल सड़क के निर्माण के लिए निविदा जारी की गई। हालांकि, इस स्थान पर सड़क बनाए बिना ही आठ करोड़ का बिल जारी कर दिया गया। इस स्थान पर भू-दृश्यांकन के साथ-साथ शौचालय का निर्माण भी किया जाना था। लेकिन, यह शौचालय कहीं नजर नहीं आता। इस कार्य की देखरेख कर रहे कार्यकारी अभियंता चारी आठ करोड़ का ₹दान₹ कर रहे हैं। हमने इस संबंध में 22 अप्रैल 2025 को पत्र जारी किया था। हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने आलोचना करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर यह भ्रष्टाचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि नाला सफाई हाथ सफाई बनकर रह गया है। नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड की उपस्थिति में ₹जन संवाद अभियान₹ चलाया जा रहा है। इस जनसंपर्क अभियान के तहत कई ठाणे निवासियों ने डॉ. जितेंद्र आव्हाड के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। डॉ. आव्हाड ने नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस अधिकारियों को जवाबदेह ठहराते हुए नागरिकों को समस्या मुक्त बनाने का प्रयास शुरू किया है। इस बीच, ठाणे मनपा मूल समस्या की अनदेखी कर रहा है। डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने क्लस्टर, नाली सफाई, सड़क निर्माण, अनधिकृत इमारतें आदि मुद्दों को लेकर मनपा प्रशासन की आलोचना की। ठाणेकरों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान खोजने के लिए, जिला अध्यक्ष सुहास देसाई और कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल की पहल पर एनसीपी-शरदचंद्र पवार पार्टी मनपा मुख्यालय के धर्मवीर आनंद दिघे हॉल में एक जनसंवाद अभियान आयोजित किया गया। इस बार सैकड़ों नागरिकों ने डॉ. जितेंद्र आव्हाड से मुलाकात की और अपनी समस्याएं बताईं। इस अवसर पर प्राप्त शिकायत पर टिप्पणी करते हुए डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि नागरिक क्लस्टर विकास के विरोध में हैं। मानपाड़ा क्षेत्र में हजारों लोग अपना घर बनाना चाहते हैं। फिर भी, उन्हें धमकाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र और छह सौ छात्रों वाले स्कूल को जमींदोज कर दिया गया है। ठाणे शहर में न पानी है, न सीवर है, न कूड़ेदान है। उन्होंने पूछा कि आजादी से पहले से रह रहे लोगों को क्यों परेशान किया जा रहा है।

# सलोन में बेटे की मौत, मां गंभीर घायल

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक फरार, जांच में जुटी पुलिस




रायबरेली, रायबरेली के सलोन कोतवाली क्षेत्र में पटेल ट्रेडर्स के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक आकाश (पुत्र सुखलाल) की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। आकाश दरसवां थाना सलोन का निवासी था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी मां को भी गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक आकाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी है।

# वाढवण बंदर प्रकल्प से जुड़े रोजगार के लिए कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करें : मंत्री नितेश राणे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , महाराष्ट्र में वाढवण जैसे बड़े बंदरगाह प्रकल्प का निर्माण हो रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे। इसका सबसे अधिक लाभ राज्य के तटीय जिलों को मिलेगा। इस प्रकल्प में कुशल कामगारों की आवश्यकता को देखते हुए मत्स्य व्यवसाय और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय में वाढवण बंदरगाह से जुड़ी रोजगार संभावनाओं और आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंत्री राणे ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय कौशल विकास महामंडल ( NSDC) के सलाहकार डॉ. ज्ञानेश्वर मुले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

मंत्री राणे ने कहा कि पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जैसे बंदरगाह क्षेत्र वाले जिलों में जल्द ही जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों में वाढवण बंदरगाह पर उपलब्ध रोजगार अवसरों और आवश्यक प्रशिक्षण की जानकारी दी जाए।

उन्होंने NSDC को निर्देश दिया कि वाढवण बंदरगाह से संबंधित रोजगार अवसरों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र तैयार किया जाए। राज्य में पहले से मौजूद कौशल विकास केंद्रों की इमारतों का उपयोग इस प्रशिक्षण के लिए किया जा सकता है, जिससे स्थान की समस्या हल हो सके और प्रशिक्षण जल्द शुरू किया जा सके। बंदरगाह विभाग इस पहल में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

मंत्री राणे ने कहा कि वाढवण बंदरगाह से भारी मात्रा में रोजगार सृजन होगा और इसका लाभ राज्य के युवाओं को मिलना चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना तत्काल बनाई जाए।

# मान्धाता बाजार काली माता मंदिर पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़, मान्धाता बाजार के काली माता मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। यह आयोजन जेष्ठ तृतीय मंगलवार के दिन सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भंडारे का आयोजन मनोज शर्मा के सौजन्य से किया गया, जिसमें लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।भंडारा लगभग दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मां काली के दरबार में हाजिरी लगाई। इस पुण्य कार्य में मनोज शर्मा ठेकेदार, सुशील शर्मा, मनोज शर्मा सुजाहा, पंकज पंडित (भाजपा नेता), सोनू काका, रोहित, छोटेलाल, पत्रकार नितिन मिश्रा मंडल महामंत्री भाजपा, हिंदू शिव अग्रहरि युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा ,प्रवीण विश्वकर्मा, बबलू, संजय सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समस्त जनों ने मिलकर भंडारे को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की गई थी। आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करते रहने का संकल्प लिया। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक सहयोग का प्रतीक बन गया है।

# श्री हनुमान मंदिर में बूंदी प्रसाद और शरबत वितरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ , मान्धाता के बाबा बजरंग दास स्थापित शांतनु महाराज की तपोस्थली पौराणिक और ऐतिहासिक श्री हनुमान मंदिर में हनुमान भक्तों द्वारा आज बूंदी प्रसाद और शरबत वितरण किया गया। ज्येष्ठ मास के तृतीय मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर पर भक्तों द्वारा सुबह से भक्तों की भारी भीड़ पूजा पाठ करने वालों देखी गयी। बूदी प्रसाद और शरबत वितरण कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद, विधायक जीतलाल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बादल पटेल, विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन सिंह , मुन्ना सिंह भदोही, रणजीत सिंह सरदार बूंदी प्रसाद और शरबत वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की और समय दिया। हनुमान भक्तों ने सराहनीय मेहनत की और आने जाने वाले लोगों के साथ साथ वाहनों को भी रोक कर बूंदी प्रसाद और शरबत वितरण किया। श्री हनुमान मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

# युवती के साथ मकान में पकड़े गए कई युवक

- पुलिस ने बिना कार्रवाई के छोड़ा, आलाधिकारियों को नहीं दी सूचना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जियाखेल में एक मकान से युवती के साथ कुछ युवकों को पकड़ा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया और अंदर से युवती और कुछ युवक मिले। पुलिस उन्हें पकड़कर राजघाट चौकी ले गई। इस पूरी कार्रवाई की जानकारी आलाधिकारियों को नहीं दी गई। चौकी पर युवकों के करीबी उन्हें छुड़ाने पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने युवकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और उन्हें बिना किसी लिखापढ़ी के छोड़ दिया गया। पुलिस पहुंची तो कोई नहीं था चौक कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार का कहना है कि डायल 112 को सूचना मिली थी। उनके अनुसार जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मकान में कोई नहीं मिला। प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस की इस कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने नियमों को दरकिनार कर युवकों को छोड़ दिया।

# प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग छात्राओं से छेड़छाड़

## नशे में धुत डॉक्टर ने की अश्लील हरकतें, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्राओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। छात्राओं का आरोप है कि एक महिला डॉक्टर ने उन्हें रेस्ट के दौरान डांटा। महिला डॉक्टर ने धमकी दी कि अपने बॉयफ्रेंड को बुलाकर उन्हें परेशान करेगी। इसके बाद एक नशे में धुत डॉक्टर को बुलाया गया, जिसने छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें कीं। पीड़िताओं का आरोप है कि उन्होंने कॉलेज प्रिंसिपल को लिखित शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। छात्राओं ने अपनी जान को खतरा बताते हुए आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने कहा कि छात्राओं की शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज प्रशासन इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से बच रहा है। यह कॉलेज पहले भी विवादों में रहा है।

# बरेली-जोन डीआईजी ने शाहजहांपुर में किया हालचाल दस्ते का शुभारंभ

## महिला सुरक्षा और पंचायत चुनाव पर फोकस, अपराधियों को दी सुधरने की नसीहत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, बरेली जोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय साहनी ने शाहजहांपुर पुलिस लाइन में हालचाल दस्ते का उद्घाटन किया। उन्होंने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

साहनी ने बताया कि हालचाल दस्ते का उद्देश्य जनता से बेहतर संवाद स्थापित करना है। डीआईजी ने कहा कि पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अपराधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए इसे रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान बीट व्यवस्था की समीक्षा की गई। महिला पुलिसकर्मियों से संवाद किया गया। हालचाल दस्ते के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पुलिसकर्मी बीट नंबरों पर महिलाओं से संपर्क करेंगी।

डीआईजी ने थाना स्तर पर फरियादियों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। जिले में टॉप-टेन अपराधियों के साथ-साथ अन्य अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपराध छोड़कर शांति बनाए रखने की अपील की।

# 9 अवैध बायोडीजल पंप सील



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बिना लाइसेंस के चल रहे बायोडीजल पंपों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को मिली शिकायतों के बाद 9 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने एक साथ छापेमारी कर 9 अवैध पंपों को सील कर दिया। छापेमारी में करीब ढाई हजार लीटर डीजल और 735 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया है। जब्त ईंधन को जांच के लिए भेजा जा रहा है। पंप संचालक आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा सके। जलालाबाद-कटरा मार्ग पर जौराभूड़ में स्थित पंप से 1098 लीटर डीजल और 414 लीटर पेट्रोल मिला। सिंधौली के महान्नदपुर रोड स्थित ताहरपुर गांव के पंप से 1300 लीटर डीजल और 220 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ। तिलहर के राजनपुर में अवैध पंप से 101 लीटर पेट्रोल जब्त किया गया। बंडा-पुवायां मार्ग पर मुड़िया कुर्मियात रोड के दलेलापुर गांव में पंप से 100 लीटर डीजल मिला। इसके अलावा बंडा से नभीची रोड पर देवकली गांव, सिंधौली थाने के सामने बिलंदपुर रोड पर पिसताला, निगोही रोड स्थित ढकिया तिवारी गांव और तिलहर क्षेत्र में एक अन्य पंप को भी सील किया गया।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान बोला- पीएम मोदी का बयान नफरत फैलाने वाला

## मोदी ने कल कहा था- अपनी रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता। दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह यूएन मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में



उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे। शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था।


इसके बाद 7 मई को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को एयर स्ट्राइक करके तबाह कर दिया था। दोनों देशों में 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सीजफायर की जानकारी दी थी। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया।

# मस्क दूसरे ग्रहों पर इंसानी बस्ती बसाने का प्लान बताएंगे

## कहा-मानवता को बचाने के लिए जरूरी; कल दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट लॉन्च करेंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन, स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क आज रात इंसानों को मंगल जैसे दूसरे ग्रहों पर बसाने की योजना के बारे में बताएंगे। वे सोशल मीडिया एक्स पर रात 10:25 बजे लाइव आएंगे। इस कार्यक्रम का नाम रोड टु मेकिंग लाइफ मल्टीप्लैनेरी है। मस्क का मानना है कि अगर भविष्य में पृथ्वी पर कोई बहुत बड़ा हादसा हो जाए, तो मंगल ग्रह मानवता को बचाने का एक तरीका बन सकता है। वे कह चुके हैं कि इंसानों को केवल एक ग्रह पर सीमित नहीं रहना चाहिए। अगर हम कई ग्रहों पर बस जाएं, तो मानव सभ्यता का लंबे समय तक टिके रहना ज्यादा संभव हो



जाएगा। मस्क के मल्टीप्लैनेरी प्रोग्राम के कुछ ही घंटे बाद स्पेसएक्स 28 मई को स्टारशिप की फ्लाइट टेस्ट करेगा। यह टेक्सास के स्टारबेस नाम की जगह से लॉन्च होगा। स्टारशिप को दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट कहा जाता है। मस्क ने सोमवार को कहा था कि स्टारशिप मंगल ग्रह की यात्रा 6 महीने में कर सकता है, जबकि पहले यह सोचा जा रहा था कि इसमें 10 साल लगेंगे। मस्क ने बताया कि जब पृथ्वी और मंगल एक सीधी लाइन में आ जाते हैं, तब दोनों ग्रहों के बीच की दूरी बहुत कम हो जाती है। यह स्थिति हर 26 महीने (करीब 2.2 साल) में आती है। इसे वैज्ञानिक भाषा में अपोजिशन कहते हैं। इस समय पर रॉकेट को मंगल भेजना सबसे आसान और तेज होता है। आम दिनों में मंगल और पृथ्वी के बीच की दूरी करीब 24 करोड़ 90 लाख किलोमीटर होती है, लेकिन अपोजिशन के वक्त यह घटकर सिर्फ 7 करोड़ किलोमीटर रह जाती है। इससे पहले मस्क ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि अगर सब कुछ ठीक चला, तो 2026 में स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट टेस्ला के ह्यूमनॉइड रोबोट के साथ मंगल पर जाएगा और 2028 में इंसानों को लेकर मिशन भेजा जाएगा। स्टारशिप की फ्लाइट टेस्ट करेगी मस्क की कंपनी स्पेसएक्स 28 मई को स्टारशिप की फ्लाइट टेस्ट करने वाला है।

यह टेक्सास के स्टारबेस नाम की जगह से लॉन्च होगा। पिछली दो टेस्ट उड़ानों में रॉकेट के ऊपरी हिस्से में आग लग गई थी और मलबा गिरा था, जिससे दिक्कतें हुई थीं। स्पेसएक्स के स्टारशिप रॉकेट को खासतौर पर दूसरे ग्रहों तक इंसानों और सामान को ले जाने के लिए बनाया गया है। हालांकि अब तक इसके सिर्फ दो टेस्ट लॉन्च हुए हैं और वो भी पूरी तरह से सफल नहीं रहे। इसमें कुछ तकनीकी दिक्कतें आई थीं, खासकर इंजन और हीट शील्ड को लेकर।

# चीन की सलाह- शादी के लिए विदेशी लड़की न खरीदें

## 2020-50 में 5 करोड़ लोगों की नहीं हो पाएगी शादी, विदेशी दुल्हन के नाम पर ठगी

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश में चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की है। इसमें बांग्लादेश में रहने वाले चीनी नागरिकों को ऑनलाइन डेटिंग और शादी के झूठे प्रस्तावों से बचने की सलाह दी गई है। बयान में कहा गया है कि शादी के लिए विदेशी पत्नी खरीदने की सोचना भी गलत है। दरअसल, चीन में पुरुषों और महिलाओं के अनुपात में बहुत ज्यादा अंतर है। 2020 की जनगणना के मुताबिक वहां 105 पुरुषों पर 100 महिलाएं हैं। 10-14 आयु वर्ग में यह अनुपात 118 पुरुष प्रति 100 महिला है। इस असमानता की वजह से चीन में कई पुरुषों की शादी नहीं हो पा रही है। कई लोग इस वजह से तस्करों के चक्कर में पड़कर अपना पैसा गंवा रहे हैं। इस ठगी को रोकने के लिए चीन ने यह एडवाइजरी जारी की है। सोशल मीडिया पर शादी से जुड़े कई विज्ञापन अक्सर धोखाधड़ी वाले होते हैं। इनमें विदेशी दुल्हन का वादा किया जाता है, लेकिन असल में शादी नहीं कराई जाती। लोग बिना दुल्हन पाए ही ठगों को पैसे दे बैठते हैं। बीजिंग न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में लाओस की एक युवा लड़की से शादी कराने के लिए 2 लाख युआन (करीब 24 लाख रुपए) की मांग की गई थी। कुछ लोग



इस धोखाधड़ी में फंस भी गए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2020 से 2050 तक चीन में करीब 3 से 5 करोड़ पुरुषों की कभी शादी नहीं हो पाएगी। इस वजह से कई लोग विदेशों से दुल्हन लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वे तस्करों का सहारा लेते हैं। वे बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, वियतनाम और कंबोडिया जैसे गरीब देशों से महिलाओं और लड़कियों को चीन ले जाते हैं।


तस्कर इन महिलाओं को अच्छी नौकरी, बेहतर जीवन, या शादी का झांसा देकर चीन लाते हैं, लेकिन वहां उन्हें जबरन विवाह या यौन शोषण के लिए बेच दिया जाता है। 2019 की ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार-चीन सीमा पर कम सुरक्षाकर्मियों की वजह से तस्करों को बढ़ावा मिला है। तस्कर खुद को शादी एजेंट या नौकरी दिलाने वाले बताते हैं। वे गांवों और गरीब इलाकों में जाकर लड़कियों को फंसाते हैं। इसके बाद उन्हें चीन ले जाकर बेच देते हैं। चीन के बहुत से पुरुष जो किसान या मजदूर होते हैं, वे अकेले होते हैं और दुल्हन पाने के लिए इन तस्करों के संपर्क में आते हैं। इन महिलाओं को 5,000 से 20,000 डॉलर में बेच दिया जाता है। ये सौदे ह्यशादीह्न के नाम पर होते हैं, लेकिन उनमें असली सहमति नहीं होती। चीन पहुंचने के बाद इन महिलाओं के कागजात छीन लिए जाते हैं। उन्हें 5 से 20 हजार डॉलर (4 लाख से 20 लाख रुपए) में बेच दिया जाता है। इसके बाद महिलाओं को चीन के किसी दूर के गांव में भेज दिया जाता है। वहां उनकी शादी कर दी जाती है। कई बार उनके साथ बलात्कार होता है। उन पर जबरन बच्चे पैदा करने का दबाव भी होता है। अगर ये महिलाएं भागने की कोशिश करें, तो चीनी पुलिस उन्हें गैरकानूनी प्रवासी मानकर सजा देती है।

# बांग्लादेश आर्मी बोली- तख्तापलट की अटकलें गलत

## ऐसा इरादा नहीं; आर्मी चीफ ने कहा था- यूनुस सरकार सीमा मसले पर फैसला नहीं ले सकती

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की सेना ने देश में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के तख्तापलट की अटकलों को अफवाह बताया है। बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक सेना मुख्यालय के सीनियर अधिकारियों ने सोमवार को ढाका कैंट में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है और हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। दूसरी तरफ सेना ने रखाइन कॉरिडोर को संवेदनशील मुद्दा बताते हुए समझौता नहीं करने



की बात कही। बांग्लादेश में पिछले हफ्ते अंतरिम सरकार और सेना के बीच टकराव खुलकर सामने आया था। आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमा ने 22 मई को सैन्य मुख्यालय में अपने अधिकारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि आम चुनाव इस साल दिसंबर से आगे नहीं टलने चाहिए। आर्मी चीफ ने चेतावनी दी कि यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के पास संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दों पर निर्णय लेने का कोई नैतिक या संवैधानिक अधिकार नहीं है। रखाइन कॉरिडोर के मुद्दे पर सेना मार्च से ही कह रही है कि हमारी सहमति के बिना इसे बनाना अवैध है। दरअसल, बांग्लादेश में म्यांमार सीमा पर रखाइन जिले में मानवीय गलियारा बनाने की कथित योजना को लेकर सेना और सरकार आमने-सामने है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने घोषणा की थी कि अंतरिम सरकार ने अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित रखाइन कॉरिडोर पर सहमति व्यक्त कर दी है। जब यह बात सेना को पता चली तो उनकी तरफ से नाराजगी जताई गई। आर्मी चीफ वकार ने 21 मई को इसे खूनी कॉरिडोर बताया और अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि बांग्लादेश की सेना कभी भी किसी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगी जो संप्रभुता के लिए हानिकारक हो। न ही किसी को ऐसा करने की इजाजत दी जाएगी।

# टीएमसी सांसदों ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की



**लोकसभा और राज्यसभा के टीएमसी सदस्यों ने पुराने संसद भवन संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में बैठक की। बैठक के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि हम सभी ने प्रधानमंत्री को एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अनुरोध किया गया है कि 5 जून को सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के स्वदेश लौटने के बाद संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए।**

एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार हाल ही में हुए तनाव पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्षी नेताओं की मांग को समर्थन दिया। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे संसद का विशेष सत्र आयोजित करने का आग्रह किया, ताकि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आतंकवाद से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा सके। लोकसभा और राज्यसभा के टीएमसी सदस्यों ने पुराने संसद भवन संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में बैठक की। बैठक के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि हम सभी ने प्रधानमंत्री को एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अनुरोध किया गया है कि 5 जून को सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के स्वदेश लौटने के बाद संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का संदेश देने के लिए विदेश भेजे गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का समर्थन किया है, लेकिन देश के लोगों को भी सरकार के कदमों के बारे में जानने का हक है। घोष ने कहा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि हमने पाकिस्तान आधारित आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प के बारे में बात करने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडल में प्रतिभागियों को भेजने में भारत सरकार के साथ पूरा सहयोग किया है, लेकिन हमारे नेता ने कहा है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाने का समय आ गया है, क्योंकि भारत के नागरिकों को भी पाकिस्तान आधारित आतंकवाद से निपटने में सरकार के कदमों के बारे में जानने की जरूरत है।ह्यसांसदों ने पहलगाम हमले और उसके बाद की कार्रवाई में जान गंवाने वालों के सम्मान में बैठक में एक मिनट का मौन भी रखा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से विपक्षी दल संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सांसदों को जानकारी देने के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में भी यह मांग उठाई गई।

# 'नकल के लिए अकल चाहिए, ये जोकर भारत से कॉम्पटिशन

## पाकिस्तान की खुली बेइज्जती करने वाला ओवैसी का वीडियो वायरल

**'नकल करने के लिए भी...': ओवैसी ने आसिम मुनीर को ऑपरेशन बनयान की फर्जी याद दिलाने वाले नोट को लेकर पाकिस्तान को ट्रोल किया**

एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान को खरी-खोटी सुना रहे हैं। हमले में 26 लोग मारे गए थे। उन्होंने इस्लामाबाद पर तीखे हमले किए हैं, आतंकवाद को प्रायोजित करने और भारत में सीमा पार से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में देश की भूमिका को लेकर उसे आड़े हाथों लिया है। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में



हुए हमले की क्रूरता की भी निंदा की, जिसमें पीड़ितों को मारने से पहले धर्म के आधार पर अलग-अलग किया गया था, उन्होंने अपराधियों की तुलना करकर से की।एक बार फिर से अकटकट सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को पाकिस्तान को ट्रोल किया, जब सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राजनीतिक नेताओं के सामने भारत के खिलाफ ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस की याद दिलाने वाला नोट पेश किया, जबकि वास्तव में यह 2019 के चीनी अभ्यास की तस्वीर थी।नेटिजन्स ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को फोटोशॉप के लिए काफी ट्रोल किया, ओवैसी भी इस मुहिम में शामिल हो गए, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास चीजों को ठीक से कॉपी करने के लिए दिमाग भी नहीं है और वह भारत से प्रतिस्पर्धा करना चाहता है।कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान ओवैसी ने कहा, कल, पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक तस्वीर भेंट की। ये बेवकूफ जोकर भारत से प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक तस्वीर दी थी और दावा किया था कि यह भारत पर जीत है।उन्होंने कहा, पाकिस्तान यही करता है, वे एक उचित तस्वीर भी नहीं दे सकते। नकल करने के लिए अकल चाहिए, इनके पास अकल भी नहीं है। कथित तौर पर असीम मुनीर ने पिछले सप्ताह एक हाई-प्रोफाइल डिनर की मेजबानी की, जिसके दौरान उन्होंने भारत के साथ चार दिवसीय सशस्त्र संघर्ष के दौरान उनकी दूरदर्शिता के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में राजनीतिक नेताओं को डॉक्टरेट की गई छवि भेंट की।

# राम सेतु को घोषित किया जाए राष्ट्रीय स्मारक, सुप्रीम कोर्ट में सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की नई याचिका

**स्वामी ने तर्क दिया कि तमिलनाडु में पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के तट पर मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली चूना पत्थर की एक श्रृंखला राम सेतु, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखती है।**





एजेंसी

पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर केंद्र को राम सेतु को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की उनकी लंबे समय से लंबित मांग पर निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की है। अपनी नई याचिका में स्वामी ने कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जनवरी 2023 के आदेश के अनुरूप सरकार को औपचारिक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) के साथ मिलकर राम सेतु को प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक का दर्जा देने का निर्देश दे।स्वामी ने तर्क दिया कि तमिलनाडु में पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के तट पर मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली चूना पत्थर की एक श्रृंखला राम सेतु, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखती है।

# आतंकवाद कश्मीर में पर्यटन को नहीं रोक पाएगा

## पहलगाम में जाकर मुख्यमंत्री उमर ने ली सेल्फी

**आज पहलगाम में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। यह केवल एक नियमित प्रशासनिक अभ्यास नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था – हम आतंक की कायरतापूर्ण हरकतों से भयभीत नहीं हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स में कहा कि शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को प्रभावित नहीं करेंगे। जम्मू और कश्मीर दृढ़, मजबूत और निडर है।**

एजेंसी

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी घटना के बाद कश्मीर में पर्यटन को फिर से शुरू करने के प्रयास शुरू करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की। इससे यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि सरकार 'आतंकवाद की कायरतापूर्ण हरकतों से नहीं डरेगी। बैठक के बाद, मुख्यमंत्री कार्यालय ने पहलगाम क्लब में आयोजित बैठक की तस्वीरें पोस्ट कीं। आज पहलगाम में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। यह केवल एक



नियमित प्रशासनिक अभ्यास नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था - हम आतंक की कायरतापूर्ण हरकतों से भयभीत नहीं हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स में कहा कि शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को प्रभावित नहीं करेंगे। जम्मू और कश्मीर दृढ़, मजबूत और निडर है।सरकार के कार्यकाल में यह पहली बार है जब कैबिनेट की बैठक सामान्य ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर या शीतकालीन राजधानी जम्मू से बाहर हुई। पहलगाम को चुनने का उद्देश्य पर्यटन नगरी के निवासियों के साथ एकजुटता दिखाना है, जहां 22 अप्रैल को हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले के बाद से पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि इस बैठक का महत्व राष्ट्र विरोधी और असामाजिक तत्वों को सीधे संदेश देने में अधिक है कि जम्मू और कश्मीर में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।अब्दुल्ला ने 2009-14 तक जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान उत्तरी कश्मीर के गुरेज, माछिल, तंगधार क्षेत्रों और जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ क्षेत्रों जैसे दूरदराज के इलाकों में कैबिनेट बैठकें की थीं। विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित करने का निर्णय शनिवार को अब्दुल्ला द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले से बुरी तरह प्रभावित जम्मू-कश्मीर पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए दोहरे दृष्टिकोण का प्रस्ताव देने के तीन दिन बाद आया है

## संक्षेप

### दबंगों ने महिला को पीटा

**तोड़ा घर का गेट थाने में नहीं हुई सुनवाई, पीड़िता ने सीओ से लगाई गुहार**

सुलतानपुर, बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे सुजान बड़नपुर में एक महिला के साथ दबंगों द्वारा मारपीट और गेट तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़िता अमरावती देवी ने बताया कि 23 मई को वह अपने घर में गेट लगवा रही थीं। इसी दौरान गांव के संतोष कुमार अपनी ससुराल लंभुआ से 5-6 लोगों को लेकर आए। संतोष और उसके साथियों ने गेट लगाने से मना किया। जब अमरावती ने उनकी बात नहीं मानी, तो सभी ने मिलकर गेट को तोड़कर गिरा दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने मारपीट भी की और गेट का बुश भी उठाकर ले गए। पीड़िता जब थाना बल्दीराय पहुंची तो थानेदार ने उनकी शिकायत लेने से मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्राधिकारी बल्दीराय से गुहार लगाई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शिकायत मिली है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कालीन व्यापारी से लूट करने वाले गिरफ्तार

**बांदा पुलिस ने कुख्यात अपराधी समेत दो आरोपी को पकड़ा, लूट का माल बरामद**

बांदा, पुलिस ने कालीन व्यापारी से लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपियों को जौरही गांव से पकड़ा। कालीन बेचने आए इमाम खां से एक हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी ने मारपीट कर कालीन और नकदी लूट ली थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। 27 मई की सुबह पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटे गए 5 हजार रुपए, एक कालीन और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। मुख्य आरोपी निरंजन सिंह कोतवाली देहात क्षेत्र का कुख्यात अपराधी है। उस पर लूट, डकैती और हत्या के प्रयास समेत डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे आरोपी भूरा विश्वकर्मा पर भी आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। निरंजन सिंह के खिलाफ लूट, धमकी, गुंडा एक्ट, जान से मारने की धमकी, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। इसके अलावा एनडीपीएस एक्ट के तहत भी कई मामले दर्ज हैं।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस की पहल

**8 हजार ई-रिक्शा चालकों का होगा निःशुल्क सत्यापन, 10 दिन चलेगा कैंप**

बांदा, पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर ई-रिक्शा चालकों और मालिकों का निःशुल्क सत्यापन अभियान शुरू हुआ है। जिले में करीब 8 हजार ई-रिक्शा चल रहे हैं। बाबूलाल चौराहे स्थित यातायात पुलिस बूथ पर सत्यापन कैंप लगाया गया है। अभियान के पहले दिन 105 ई-रिक्शों का सत्यापन पूरा किया गया। यह कैंप अगले 10 दिनों तक चलेगा। सत्यापन के दौरान ई-रिक्शा चालक और मालिक का पूरा विवरण रिकॉर्ड किया जा रहा है।

# 200 वकीलों ने थाना घेरा

**पुलिस से नोकझोंक, 6 घंटे से जमकर हंगामा; पूर्व ब्लॉक प्रमुख की अरेस्टिंग का विरोध कर रहे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, बिना एफआईआर पूर्व ब्लॉक प्रमुख की अरेस्टिंग पर 200 से ज्यादा वकीलों ने यमुनापार के औद्योगिक थाने को घेर रखा है। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। वकील और पुलिस अधिकारियों के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। टोल प्लाजा पर हंगामा होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजयराज सिंह और उनके 3 साथियों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके विरोध में वकील सड़क पर उतरे हैं। हंगामा खत्म कराने के लिए पुलिस और वकीलों के बीच नोकझोंक भी हुई है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजयराज भी पेशे से वकील हैं। पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह भी वकीलों के विरोध में शामिल हुए। उन्होंने कहा- भाजपा सरकार में पुलिस की तानाशाही बढ़ती जा रही है। अपराध बढ़ते जा रहे हैं। लगातार वकीलों को मारा जा रहा है। खुलेआम गोली चल रही है। पुलिस पूरी तरह से निरंकुश हो चुकी है। गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा करना चाहिए। जो दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। मामला सोमवार रात करीब 10 बजे का है, जब औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुंगारी टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर कुछ लोगों का टोल कर्मियों से विवाद हो गया। दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज सुरेंद्र प्रताप यादव मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पहुंचते ही मारपीट कर रहे लोगों पर लाठी बरसा दीं। इसकी वजह से वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। शोर शराबा बढ़ने पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय राज सिंह राजू अपने समर्थकों के साथ वहां पर पहुंचे। लोगों को समझाकर बीच-बचाव करने लगे। इसी बीच चौकी इंचार्ज सुरेंद्र यादव और विजय राज के बीच कहासुनी हो गई। चौकी प्रभारी ने विजय राज सिंह, सर्वेश सिंह समेत 2 अन्य को हिरासत में लेकर थाने लेकर आ गए।

वकील बोले- सीसीटीवी देख लो, वहां क्या हुआ मंगलवार सुबह होने पर 200 से ज्यादा वकील औद्योगिक थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे। वकील पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे।

पुलिस के अधिकारियों के पहुंचने पर वकीलों ने सवाल किए कि क्या बिना किसी अपराध के लोगों को थाने में रखा जाएगा? अगर कोई अपराध है तो एफआईआर लिखकर जेल भेज दो। मगर पहले टोल प्लाजा के सीसीटीवी देख लो। वहां हुआ क्या था? वकीलों ने कहा- पुलिस खुद लोगों को संभाल नहीं सकी। जब पूर्व ब्लॉक प्रमुख समझाने पहुंचे, तो उन्हीं को पकड़कर ले आई।

# सपा नेता ने फ्राड कंपनी बनाकर की धोखाधड़ी, तीन अरेस्ट

**11.5 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया, मुख्य आरोपी फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक सपा नेता की कथित फर्जी कंपनी का भंडाफोड़ हुआ है। फाफामऊ पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई नवाबगंज के इन्तेखाब आलम की शिकायत पर की गई। इन्तेखाब आलम जून 2024 में महेश यादव और रमेश यादव से मिले। आरोपियों ने 120 दिनों में पैसा दोगुना करने का लालच दिया। पीड़ित ने यूपीआई के जरिए कंपनी में 11.5 लाख रुपए का निवेश किया। निवेश के बाद कंपनी ने न तो कोई दस्तावेज दिए और न ही पैसे लौटाए। जब इन्तेखाब पैसे मांगने गए तो जावेद अंसारी और शाहिद ने उन्हें धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, यह गिरोह मोरहू क्षेत्र में नूरैन के मकान से अपना काम चला रहा है। इस गिरोह में जावेद अंसारी, जियाउल हक उर्फ नूरैन, विकास पटेल, गुलाम शाहिद और संदीप पटेल शामिल हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद सपा नेता फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# निगोहां में करंट लगने से अधेड़ की मौत



**प्लास्टर की तराई करते समय हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, जिले के फुरसतगंज के पूरे भावा मजरे निगोहां गांव में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक शिव प्रकाश (42) अपने घर में प्लास्टर की तराई कर रहे थे। इस दौरान वह बिजली की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें सीएचसी फुरसतगंज ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिव प्रकाश अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है। पिता हीरालाल के निधन के बाद वे खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। मृतक के पीछे मां रानी देवी और पत्नी मायावती हैं। उनके तीन बच्चे हैं - बेटी रुचि (13), बेटे अनिल (11) और सुनील (9)। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मिशन शक्ति:छात्राओं को सुरक्षा का पाठ

**अमेठी में स्कूल-कॉलेज के पास एंटीरोमियो टीम तैनात, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज पुलिस ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहगढ़ में छात्राओं को जागरूक किया। पुलिस ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, एम्बुलेंस सेवा-108 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 शामिल हैं। साथ ही पुलिस आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड लाइन-1098 और स्वास्थ्य सेवा-102 के बारे में भी बताया गया। थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क की जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचाव के तरीके भी समझाए गए। महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद के सभी थानों की एंटीरोमियो टीमें स्कूल-कॉलेज के खुलने और बंद होने के समय निगरानी कर रही हैं। महिला छात्रावास के आसपास विशेष नजर रखी जा रही है। छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न रोकने के लिए संदिग्धों की चेकिंग की जा रही है। यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाया जा रहा है।

# आर्केस्ट्रा देखने गए युवक की हत्या

**भदैया के औझी गांव में मिला खून से लथपथ शव, पुलिस जांच में जुटी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भदैया के शिवगढ़ कोतवाली के औझी गांव में एक दर्दनाक वारदात सामने आई। गांव निवासी आकाश मिश्रा (23) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आकाश गांव में हीरालाल प्रजापति के यहां आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखने गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार चिंतित हुआ। सुबह गांव के बाहर उसका खून से लथपथ शव मिला। औझी गांव अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर अमेठी जिले के रामगंज बाजार के पास स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। देहात कोतवाल अखंडदेव मिश्र, शिवगढ़ एसओ पंडित त्रिपाठी और लंभुआ सीओ अब्दुस सलाम सहित कई पुलिस अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। घटनास्थल पर भारी मात्रा में खून मिला है। पुलिस प्रथम दृष्टया इस हत्या को आशनाई से जोड़कर देख रही है। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# अपराध नियंत्रण के लिए नई पहल

**बीट सिपाही रखेंगे क्षेत्र में नए अमीर बने लोगों पर नजर, सत्यापन होगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस विभाग ने अपराध नियंत्रण के लिए बीट सिपाहियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। बीट सिपाही अब अपने क्षेत्र में अचानक अमीर बने लोगों की जानकारी जुटाएंगे। वे यह पता लगाएंगे कि कहीं उनकी संपत्ति का स्रोत अवैध तो नहीं है। बीट सिपाही क्षेत्र में बाहर से आकर रहने वाले लोगों का सत्यापन करेंगे। वे स्टंटबाजी करने वाले युवाओं की सूची बनाएंगे। इन युवाओं के परिजनों से संपर्क कर काउंसलिंग भी करेंगे। शस्त्र लाइसेंस धारकों द्वारा खरीदे गए कारतूसों का सत्यापन भी उनकी जिम्मेदारी होगी। सक्रिय अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। एकांत में बने घरों और नई कालोनियों में रहने वालों का विवरण एकत्र करेंगे। उनके आय के स्रोतों की भी जांच करेंगे। सी-प्लान एप में पुलिस के मददगारों की सूची को अपडेट करेंगे। अपराध की जांच में मिलेगी मदद क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की गूगल मैपिंग कर त्रिनेत्र सेल में फीड करेंगे। इससे अपराध की जांच में मदद मिलेगी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि वे इस कार्य की नियमित समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल अपराधों की रोकथाम में प्रभावी साबित होगी।

# गौरक्षकों की हुई तस्करों से मुठभेड़

**मेवात ले जाया जा रहा था गोवंश, ट्रक से बरामद हुए 25 मवेशी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, मथुरा में गौ रक्षकों का गौ तस्करों से मुठभेड़ हुई। ट्रक में गोवंश भरकर ले जा रहे गौ तस्करों ने जैसे ही आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर गौ रक्षकों को देखा तो वह ट्रक को भगाने लगे। करीब 10 क्वि तक पीछा करने के बाद गौ तस्कर ट्रक को छोड़कर भाग गए। ट्रक से 25 जिंदा गोवंश बरामद किया गया। गौ रक्षकों को मुखबिर से सूचना मिली कि एक 12 टायरा ट्रक में गौ तस्कर गोवंश को भरकर ले जा रहे हैं। यह ट्रक आगरा की तरफ से आ रहा है और मेवात जाएगा। सूचना पर गौ रक्षक सक्रिय हो गए और पुलिस को सूचना देते हुए आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर पहुंच गए। आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर जैसे ही गौ रक्षकों को ट्रक आता दिखाई दिया तो इन्होंने उसे पुलिस की मदद से रुकवाने का प्रयास किया। लेकिन गौ तस्करों ने ट्रक को रोकने की बजाय दौड़ाना शुरू कर दिया।

इसके बाद गौ रक्षकों ने भी ट्रक का पीछा किया। करीब 10 क्वि तक पीछा करने के बाद तस्कर थाना जैंत क्षेत्र के कोटा गांव के पास ट्रक को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गए। मौके पर पहुंचे गौ रक्षकों ने पुलिस की मौजूदगी में ट्रक को चेक किया तो उसमें 25 गोवंश बंधा हुआ मिला। जिसके बाद गौ रक्षक बरामद सभी गोवंश को वृंदावन ले आए और मथुरा रोड पर स्थित श्री पाद बाबा की गौशाला में उतार दिया।

इस दौरान सोनू हिंदू पलवल, भरत गौतम, गोविंद सिंह, रवि शर्मा, पंकज ठाकुर, पुनीत वशिष्ठ, अनिल गौतम और सोनू सरपंच मौजूद रहे।

# अलीगढ़ में बदले एसडीएम और मजिस्ट्रेट

**डीएम ने बेहतर कानून व्यवस्था के लिए किया बदलाव, महिमा को मिला कोल का चार्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, बेहतर कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार मुक्त माहौल बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेटों और उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। डीएम संजीव रंजन ने लंबे समय से एक ही पद पर काम कर रहे अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह कार्यालय में आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें। इसके साथ ही आईजीआरएस की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बिल्कुल भी न करें। डीएम ने जिले के एसडीएम और मजिस्ट्रेटों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसडीएम खैर के पद पर कार्यरत महिमा राजपूत को एसडीएम कोल का चार्ज दिया गया है। एसडीएम कोल के पद पर कार्यरत उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह को एसीएम सेकंड का चार्ज दिया गया है। वहीं एसीएम सेकेंड के तौर पर कार्यरत आशुतोष कुमार सिंह को अपर उप जिलाधिकारी कोल का चार्ज दिया गया है। शासन से स्थानांतरित होकर अलीगढ़ आए दो नए डिप्टी कलेक्टरों को भी चार्ज दिया गया है।

# एसपी ऑफिस में लगाया गया पीजीआरयू कैम्प

**92 में 81 का निस्तारण, 5 महीने में वेतन विसंगति की 38 शिकायत आई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पुलिस शिकायत निवारण इकाई (पीजीआरयू) के लिए मंगलवार को एसपी ऑफिस में कैम्प लगाया गया। यहां अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने पुलिस कर्मियों को सम्बोधित किया। अब तक पिछले 5 महीनों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इस दौरान कुल 92 मामले सामने आए, जिनमें से 81 का निस्तारण कर दिया गया है। केवल 11 प्रकरण अभी प्रक्रियाधीन हैं। विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त कुल 74 शिकायतों में से वेतन विसंगति से जुड़ी 38 शिकायतें सबसे अधिक रहीं। इनमें से 34 का निस्तारण आंकिक प्रधान लिपिक कार्यालय द्वारा किया गया। चिकित्सा प्रतिपूर्ति की 5 में से 4 और चरित्र पंजिका संशोधन की 8 में से 7 शिकायतों का समाधान हुआ। एक-एक शिकायत का समाधान बोनस से संबंधित सभी 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**प्रेम प्रसंग में हुई कहासुनी के बाद युवक ने कुल्हाड़ी से की थी हत्या**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मोहनगंज थाना पुलिस ने आरोपी सुशील दुबे उर्फ पप्पू पंडित को पकड़ा है। आरोपी भदसाना गांव का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 40 वर्ष है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का मृतक इंतजार उर्फ बच्चन की बहन से मिलना-जुलना था। इस बात को लेकर 19 मई की शाम को दोनों में गांव के बाहर कहासुनी हो गई थी। इंतजार ने आरोपी को भला-बुरा कहा था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने 19-20 मई की रात को अपने घर से कुल्हाड़ी ली। वह इंतजार के घर पहुंचा, जहां वह बाहर चारपाई पर सो रहा था। आरोपी ने कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से इंतजार के सिर पर वार किया। मृतक की चीख सुनकर उसकी पत्नी और घर के अन्य लोग जाग गए। आरोपी वहां से भाग गया और कुल्हाड़ी को अपने घर के कमरे में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। मोहनगंज थाना पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में की गई।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी